केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

बदलना तय है हर चीज़ का इस संसार में बस इंतजार करो, किसी का दिल बदलेगा तो किसी के दिन बदलेंगे..।

वर्ष 13 अंक 271 | उज्जैन, गुरुवार 16 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### अमरीका ने अरुणाचल को माना भारत का अभिन्न अंग

**वाशिंगटन/जीएनएस।** अमरीका ने अरुणाचल प्रदेश और चीन के बीच मैकमोहन लाइन को अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के तौर पर मान्यता दे दी है। अमरीकी सीनेट में पास हुए एक प्रस्ताव में अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न हिस्सा बताया गया है। बिल को सीनेट (अपर हाउस) में लाने वाले सांसद बिल हैगरटी और जेफ मर्क्ले ने कहा कि चीन लगातार इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में खतरा पैदा कर रहा है। ऐसे में यह जरूरी है कि अमरीका अपने रणनीतिक साझेदार और खासतौर पर भारत के साथ खड़ा रहे। उन्होंने कहा कि यह बिल अरुणाचल प्रदेश को स्पष्ट रूप भारत के हिस्से के रूप में मान्यता देता है। चीन लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर अभी जो स्थिति है, उसे बदलने की कोशिश कर रहा है और हम इसकी निंदा करते हैं। हम लगातार भारत और क्वाड देशों के साथ अपनी साझेदारी बढ़ाने के पक्ष में हैं, जिससे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति बनाई जा सके। इस प्रस्ताव में अमरीका ने एलएसी पर चीन के उकसावों की निंदा की है। उन्होंने चीन के सैन्य बल का इस्तेमाल करने, विवादित क्षेत्र में गांव बसाने, स्थानीय शहरों का मैंडरिन (चीनी भाषा) में नाम रखने और मैप पब्लिश करने की भी निंदा की है। इसके साथ ही उन्होंने भूटान में भी कई क्षेत्रों को चीन का हिस्सा बताने को गलत ठहराया है।

### कंगाली के रास्ते एक और मुस्लिम बहुल देश, एक डॉलर की कीमत 100,000 लेबनानी पाउंड के पार

**बेरूत/जीएनएस।** पश्चिमी एशिया में भू-मध्य सागर के पूर्वी तट पर स्थित देश लेबनान में भी आर्थिक संकट गहरा गया है। यह मुस्लिम बहुल देश है, जहां 60 फीसदी से ज्यादा आबादी मुसलमानों की है। वहां की आधिकारिक करंसी लेबनानी पाउंड मंगलवार को समानांतर बाजार में डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक और रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। लेबनान की संकटग्रस्त मुद्रा मंगलवार को नए निचले स्तर पर पहुंच गई। संकटग्रस्त देश के बैंकों के हड़ताल पर वापस जाने के कारण काले बाजार में डॉलर के मुकाबले लेबनानी पाउंड अभूतपूर्व 100,000 के आंकड़े पर पहुंच गया। मुद्रा संकट की वजह से लेबनान में खाने-पीने और रोजमर्रे के सामान और ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं। एक डॉलर की कीमत 100,000 लेबनानी पाउंड की नई दर मंगलवार को निजी मनी एक्सचेंजर्स द्वारा उपयोग किए जाने वाले मोबाइल ऐप पर पोस्ट की गई।

### पुरुषों के लिए बने राष्ट्रीय आयोग सुसाइड केस का जिक्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली/जीएनएस।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें पुरुषों के लिए राष्ट्रीय आयोग की मांग की गई है। याचिका में कहा गया कि शादीशुदा मर्दों में आत्महत्या करने के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। याचिका में एनसीआरबी का आंकड़ा दिया गया है। इससे निपटने के लिए गाइडलाइंस जारी करने और राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाने की मांग की गई है। अधिवक्ता महेश कुमार तिवारी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की गई है। याचिका में अपील की गई है कि घरेलू हिंसा के शिकार विवाहित पुरुषों के लिए राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाया जाए। याचिका में एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया कि वर्ष 2021 में दावा किया गया कि उस वर्ष पूरे देश में 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की। याचिका में कहा गया है कि इनमें से आत्महत्या करने वाले विवाहित पुरुषों की संख्या 81,063 थी, जबकि 28,680 विवाहित महिलाएं थीं। याचिका में एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया कि वर्ष 2021 में पारिवारिक समस्याओं के कारण तकरीबन 33.2 फीसदी पुरुषों ने और 4.8 प्रतिशत पुरुषों ने विवाह संबंधी वजहों से अपना जीवन समाप्त कर लिया था।

### जम्मू-कश्मीर और पंजाब में एनआईए की रेड; जांच एजेंसी ने 15 ठिकाने खंगाले

**नई दिल्ली/जीएनएस।** आतंकवाद और आतंकी संगठनों के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का एक्शन जारी है। दो दिनों के भीतर एनआईए ने जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ पंजाब में 15 ठिकानों पर छापामारी की है। इसमें जम्मू-कश्मीर के छह जिलों श्रीनगर, बारामूला, पुलवामा, अनंतनाग, बडगाम और कठुआ सहित 14 स्थानों पर छापे मारे गए थे। वहीं पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में छापा मारा गया है। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने कहा कि एनआईए के अधिकारियों ने ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) और कई प्रतिबंधित संगठनों और उनके सहयोगियों के कैडरों के घरों की तलाशी ली। इन ठिकानों से छापेमारी के दौरान कई डिजिटल उपकरण बरामद किए गए हैं। 12 संदिग्धों को चिन्हित किया गया है। सूत्रों का कहना है कि ये आरोपी पाकिस्तान की शह पर भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने की कोशिश में जुटे हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि ये संगठन केंद्र शासित प्रदेश और अल्पसंख्यक समुदायों के युवाओं को कट्टर बनाने, सुरक्षाकर्मियों और धार्मिक आयोजनों और गतिविधियों को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। आरोपी साइबर स्पेस के जरिए भी घाटी में आतंकी गतिविधियों को फैला रहे थे।

## उपार्जन कार्य की जरूरी तैयारियाँ पूरी करें-मुख्यमंत्री चौहान

**मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में रबी उपार्जन कार्य के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में प्रदेश में रबी उपार्जन कार्य के लिए की गई तैयारियों संबंधी बैठक में यह निर्देश दिए। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहू लाल सिंह, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया और संबंधित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

बताया गया कि प्रदेश में इस वर्ष उपार्जन के लिये करीब 15 लाख किसान पंजीयन करवा चुके हैं। गत वर्ष हुए पंजीयन की तुलना में तीन चौथाई पंजीयन हो चुके हैं। लगभग 20 लाख पंजीयन होने की संभावना है। अनाज के भण्डारण एवं परिवहन के लिए आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं।

प्रदेश में 25 मार्च से गेहूँ उपार्जन शुरू होगा। संभागवार तिथियाँ निर्धारित की गई हैं। भोपाल सहित इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभागों में 25 मार्च से उपार्जन प्रारंभ होगा। जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर, ग्वालियर और चम्बल संभाग में एक अप्रैल से उपार्जन कार्य प्रारंभ होगा। प्रदेश में 4 हजार 223 उपार्जन केंद्र कार्य करेंगे। बारदाना व्यवस्था में करीब 3 लाख गठान की अनुमानित आवश्यकता के अनुसार प्रबंध हो चुका है। वर्तमान में उपलब्ध बारदानों से लगभग 70 लाख



मीट्रिक टन उपार्जन संभव है। भण्डारण के लिए भारतीय खाद्य निगम, अधिग्रहित गोदाम, ओपन केप, सायलो बैग सभी शासकीय और अर्द्धशासकीय एजेंसियों के गोदाम उपलब्ध हैं।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रमुख निर्देश**

- भण्डारण क्षमता अच्छी रखें।
- उपार्जन केंद्र पर्याप्त हों।
- बारदाने की कहीं भी कमी न हो।
- किसान को समय पर राशि का भुगतान हो।
- आवश्यक परिवहन व्यवस्था हो।
- उपार्जन से जुड़े कार्यों में तकनीक का उपयोग हो।
- किसान को उपार्जन के लिए खुद केंद्र के चयन की सुविधा दी जाए।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों को समय पर राशि का भुगतान किया जाए।

## सरकार को गिराने में स्वेच्छा से सहयोगी नहीं हो सकते राज्यपाल, सुप्रीम कोर्ट की कोश्यारी पर तीखी टिप्पणी

**शिंदे बनाम उद्धव केस में सुप्रीम कोर्ट की कोश्यारी पर तीखी टिप्पणी»»कहा, गवर्नर को अपनी शक्ति का सावधानी से इस्तेमाल करना चाहिए**



**नई दिल्ली/जीएनएस।** राज्यपाल को अपनी शक्ति का सावधानी के साथ इस्तेमाल करना चाहिए। सरकार को गिराने में राज्यपाल स्वेच्छा से सहयोगी नहीं हो सकते। लोकतंत्र में यह एक दुखद तस्वीर है। सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना में फूट को लेकर चल रही सुनवाई के दौरान यह तीखी टिप्पणी की। अदालत ने तत्कालीन गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी की भूमिका को लेकर कहा कि राज्यपाल को इस बात की खबर होनी चाहिए कि विश्वास मत बुलाए जाने से सरकार पर भी खतरा पैदा हो सकता है। बैंच ने कहा कि गवर्नर को ऐसा कोई फैसला नहीं लेना चाहिए, जिसका नतीजा सरकार गिरने के तौर पर सामने आए। सरकार को गिराने में राज्यपाल स्वेच्छा से सहयोगी नहीं हो सकते। लोकतंत्र में यह एक दुखद तस्वीर है। सुरक्षा के लिए खतरा विश्वास मत का आधार नहीं हो सकता। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने राज्यपाल से कहा कि उन्हें इस तरह विश्वास मत नहीं बुलाना चाहिए था। उनको खुद यह पूछना चाहिए था कि तीन साल की सुखद शादी के बाद क्या हुआ?राज्यपाल ने कैसे अंदाजा लगाया कि आगे क्या होने वाला है? चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एकनाथ शिंदे गुट की बगावत को लेकर कहा कि उन लोगों ने तीन साल का रिश्ता तोड़ दिया।

## संसद में हंगामा, कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित, सत्तापक्ष-विपक्ष के बीच जमकर चला आरोप-प्रत्यारोपों का दौर

**नई दिल्ली/जीएनएस।** संसद में राहुल गांधी के लंदन वाले बयान को लेकर बीजेपी आक्रामक है, तो वहीं कांग्रेस ने भी पीएम मोदी के विदेशी दौरों के दौरान दिए बयानों की याद दिलाते हुए मोर्चा खोल दिया है। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जारी सियासी घमासान के कारण संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के शुरुआती दो दिनों की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ चुकी है। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के तीसरे दिन भी कार्यवाही नहीं चल सकी और हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के तीसरे दिन लोकसभा में बुधवार को भी सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जमकर आरोप-प्रत्यारोपों का दौर चला, जिसके कारण संसद में लगातार तीसरे दिन कोई कामकाज नहीं हुआ तथा सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी। लोकसभा की कार्यवाही



एक बार के स्थगन के बाद दो बजे जैसे ही दोबारा शुरू हुई, तो विपक्ष के सदस्य तख्तियां लेकर और नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गए। सत्तापक्ष की तरफ से भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी शुरू हुई, जिसके कारण सदन में भारी शोरशराबा हुआ। हंगामा कर रहे सदस्यों को पीठासीन अधिकारी भर्तृहरि महताब ने चेतावनी दी कि वे तख्तियां नहीं लहराएं। उन्होंने कहा कि तख्तियां लेकर सदन में आना नियमों के विरुद्ध है। तख्तियां लाने पर उन्होंने सख्त ऐतराज जताया।

## देश की सीमा पर नई चुनौतियों से निपटने के लिए बीएसएफ में शामिल हुए 119 जवान

**श्रीनगर/जीएनएस।** देश की सीमाओं पर नई चुनौतियों का सामना करने के लिए 119 रंगरूट सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कांस्टेबल (ट्रेडमैन) के रूप में भर्ती हुए। सभी नए जवान बुधवार को मध्य कश्मीर के बडगाम जिला में बीएसएफ, हुम्हुमा के सहायक प्रशिक्षण केंद्र में पासिंग आउट परेड और सत्यापन समारोह में शामिल हुए। बीएसएफ ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि पूरे देश से आने वाले प्रशिक्षु हमारी सीमाओं पर नई चुनौतियों का सामना करने के लिए सीमा प्रहरी के रूप में सुरक्षा बल में शामिल हुए हैं।

## स्मृति ईरानी बोलीं, राहुल गांधी की टिप्पणी ने देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं का किया अपमान

**नई दिल्ली/जीएनएस।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि ब्रिटेन में भारत की राजनीति पर की गई श्री गांधी की टिप्पणी ने देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान किया है। श्रीमती





ईरानी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ÷यह बहुत शर्मनाक है कि राहुल गांधी संसद में आने और भारत के खिलाफ अपने अलोकतांत्रिक टिप्पणियों पर माफी मांगने के बजाय आज संसद में आने से बचने की कोशिश कर रहे हैं।÷ उन्होंने कहा कि श्री गांधी ने अपनी टिप्पणी द्वारा देश की संसद, संविधान और नागरिकों का अपमान किया है।

मंत्री ने कहा, ÷देश का लोकतंत्र खतरे में नहीं है लेकिन कांग्रेस पार्टी देश का राजनीतिक विनाश कर रही है, जैसा कि उसने विदेशों में अपने देश के खिलाफ किया है। आज, देश का प्रत्येक नागरिक भारतीय संसद में उनसे माफी की मांग करता है, जो न केवल सांसदों का समूह है, बल्कि भारतीय लोगों की सामूहिक आवाज भी है।÷ गौरतलब है कि हाल ही में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ब्रिटेन में एक संबोधन में यह आरोप लगाया था कि भारतीय लोकतंत्र की संरचना पर क्रूर हमले हो रहे हैं और भाजपा और आरएसएस ने लगभग सभी संस्थानों को अपने कब्जे में ले लिया है।

## अडानी के खिलाफ विपक्ष का मार्च; ईडी ऑफिस जा रहे नेताओं को पुलिस ने रोका, 25 मिनट बाद प्रदर्शन खत्म

**नई दिल्ली/जीएनएस।** अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों की ओर से विरोध-प्रदर्शन जारी है। इस मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग करते हुए विपक्षी दलों के नेताओं के मार्च को पुलिस ने बुधवार को विजय चौक पर रोक दिया और प्रवर्तन निदेशालय नहीं जाने दिया। करीब 25 मिनट तक विजय चौक पर ही प्रदर्शन करने के बाद सभी नेता संसद की ओर लौट गए। कांग्रेस सहित 18 विपक्षी दलों के नेताओं ने अडानी समूह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए प्रवर्तन निदेशक को निदेशालय के मुख्यालय में ज्ञापन देने के लिए संसद भवन परिसर से मार्च शुरू किया। हालाकि पुलिस ने क्षेत्र में धारा 144 लगी होने का हवाला देते हुए उन्हें विजय चौक पर ही रोक दिया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे़ ने बाद में कहा कि विपक्षी नेता अदानी घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशक को शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन देना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं होने दिया। खडगे़ ने आरोप लगाते हुए कहा कि 200 सांसदों को रोकने के लिए 2000 पुलिसकर्मियों को लगाया गया। हालांकि बाद में दिल्ली पुलिस ने विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल को ही आगे बढने़ की इजाजत दे दी और बाकी सांसद वापस लौट गए।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से जुड़ी प्रक्रियाएँ समय पर पूर्ण करें - मुख्यमंत्री

**योजना के प्रति बहनों का उत्साह प्रशंसनीय**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेरल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रति बहनों का उत्साह प्रशंसनीय है। बहनों के सशक्तिकरण की दृष्टि से यह अति महत्वपूर्ण योजना है। विभागीय अधिकारी और जिला स्तर पर पदस्थ प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी योजना से जुड़ी प्रक्रियाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



मुख्यमंत्री श्री चौहान आज समत्व भवन के मंथन कक्ष में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी आवश्यक तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर रहे थे। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ प्रदान करने के लिए पात्र बहनों का ई-केवायसी से जुड़ा कार्य पूर्ण किया जा रहा है। जिलों में कार्य को गति मिली है। मंदसौर, उज्जैन, राजगढ़, बालाघाट और इंदौर इस कार्य में प्रदेश के 5 शीर्ष जिलों में शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान 5 मार्च को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का औपचारिक शुभारंभ कर चुके हैं। योजना में 25 मार्च से आवेदन भरवाने का काम शुरू होगा। आगामी 10 जून से पात्र बहनों को प्रति माह 1000 रूपए मिलना प्रारंभ हो जायेंगे। योजना का लाभ लेने के लिए प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे महिलाओं को आवेदन की पूर्ति में कठिनाई न हो। आवेदन भरने के लिये वार्ड और ग्राम में ही औपचारिक कार्यवाही पूर्ण करवाई जाएगी। जन-प्रतिनिधि, प्रशासनिक अमला और सामाजिक कार्यकर्ता बहनों के हित में सक्रिय भूमिका निभा कर योजना के क्रियान्वयन में सहयोग देंगे।



# कलेक्टर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के क्रियानवयन हेतु समीक्षा

## समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी के लिये किसी से भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा ›› शूल्क लेने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी-कलेक्टर








**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा आज कलेक्टर सभा कक्ष में एन आर एल एम की बैंक सखी के साथ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु बैठक आयोजित की गई। श्रीमती सिंह ने कहा कि लाडली बहना योजना का मुख्य उद्देश्य सशक्त महिला, सशक्त परिवार, सशक्त समाज, सशक्त प्रदेश, सशक्त देश जिसमें आश्रित बच्चों एवं पोषण स्तर में सुधार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं स्वालंबी बनाना राज्य शासन के द्वारा निर्धारित किया गया है। इस हेतु समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी कराया जाना है। इस हेतु बैंक सखियों को ई-केवायसी करने हेतु डिवाईस एवं बायोमेट्रिक डिवाईस उपलब्ध करायी गयी।

श्रीमती सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली बहना योजना शुरू की जा रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश की बहनों की जिदंगी में बदलाव लायेगी। लाड़ली बहना योजना नहीं बल्कि एक मिशन के रुप में बहनों के कल्याण और उन्हें न्याय देने की तरफ महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी कराया जाना है। जिन महिलाओं के बैंक अकाउण्ट नहीं है उनका बैंक अकाउंट खूलवाया जना है। जिसके लिए आस-पास या उसी पंचायत में यह व्यवस्था की जायेगी। समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी के लिये किसी से भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। अगर कोई व्यक्ति शुल्क लेता पाया जाता है या इस संबंध में कोई भी शिकायत पायी जाती है तो उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्रतिदिन समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी की एक लोगीन आईडी से ई-केवायसी होना चाहिए। प्रतिदिन ई-केवायसी की रिपोर्ट ली जाएगी। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के बारे में विस्तारपूर्वक प्रेजेंटेशन देते हुये बताया कि योजना में 23 से 60 वर्ष आयु की विवाहित महिलायें पात्र होंगी। जिन्हें समग्र के आधार पर मध्यप्रदेश की मूल निवासी माना जायेगा। उन्होने बताया कि योजना के तहत परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये वार्षिक से अधिक नहीं होनी चाहिये और न ही उस परिवार को कोई सदस्य सरकारी या सरकारी उपक्रम में उपक्रम का कर्मचारी नहीं होना चाहिये। एक हजार रुपये से अधिक पेंशन प्राप्त करने वाली महिलायें अपात्र होंगी। पंच और उप सरपंच को छोड़कर अन्य सभी पंचायत राज संस्था और नगरीय निकाय की निर्वाचित महिला प्रतिनिधि योजना के तहत अपात्र होंगी। परिवार में पतिए पत्नी और बच्चे शामिल किये जायेंगे। जिनके पास 5 एकड़ से अधिक भूमि और चार पहिया वाहनए ट्रैक्टर इत्यादि नहीं होने चाहिये। उन्होने बताया कि जिले में की जाने वाली अपेक्षाओं में योजना के प्रारंभ होने से पूर्व हितग्राहियों की संख्या के अनुपात में ग्रामवार और वार्डवार कैंप की माइक्रो प्लानिंग कर लें। उन्होने बताया कि फॉर्म भरने की प्रक्रिया 25 मार्च से शुरु की जायेगी। तब तक योजना प्रारंभ पूर्व की सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली जायें।श्रीमती सिंह ने बताया कि 25 मार्च से 30 अप्रैल तक पात्र हितग्राहियों के फॉर्म भरे जाकर 30 अप्रैल तक पोर्टल एप में प्रविष्टियां की जायेंगी। हितग्राही की समग्र में ई.केवाईसी नहीं होने और पात्रता आयु पूरी नहीं करने तथा अविवाहित होने की स्थिति में हितग्राही महिला का आवेदन ग्राह नहीं किया जायेगा। पात्र हितग्राहियों की सूची का प्रकाशन ग्राम एवं वार्ड स्तर पर किया जायेगा तथा आपत्तियों के निराकरण के लिये ग्राम स्तर और नगरीय निकाय स्तर पर अधिकारियों की समितियां गठित की जायेंगी।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव, एडीएम एसएस मुजाल्दा, एसडीएम पेटलावद अनिल कुमार राठौर, एसडीएम थांदला तरूण कुमार जैन, एसडीएम मेघनगर श्रीमती अकिंता प्रजापति, डिप्टी कलेक्टर एल एन गर्ग, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास आर एस बघेल, समस्त तहसीलदार, समस्त सीएमओ, समस्त सीईओ जनपद पंचायत एवं जिला अधिकारी एवं एनआरएलएम की बैंक सखी उपस्थित थे।

# प्रयास व अध्ययन एक सामान्य बुद्धि का विद्यार्थी भी जीनियस बन सकता

## शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरोद में जीनियस डे मनाया गया



**खाचरोद/मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खाचरोद में शासकीय विक्रम महाविद्यालय खाचरोद में सैद्धांतिक भौतिकविद अल्बर्ट आइंस्टाइन के जन्म दिवस 14 मार्च के उपलक्ष में जीनियस डे मनाया गया इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राध्यापक श्री अनूप तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ललिता निगम मैडम ने की प्रोफेसर अनूप तिवारी जी ने विद्यार्थियों को बताया कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सतत प्रयास व अध्ययन कर एक सामान्य बुद्धि का विद्यार्थी भी जीनियस बन सकता है। प्राचार्य डॉ लीला निगम मैडम ने विद्यार्थियों को अपने बुद्धि के स्तर को बढ़ाने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया तथा प्रोत्साहित किया कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नलिनी पाटोलिया ने किया तथा कार्यक्रम में डॉ मनीष मौर्य प्रोफेसर नेहा कैथवास डॉ अर्चना ललावत उपस्थित थे कार्यक्रम का आभार डॉ दीपिका पालीवाल ने माना ।

# आपदाओं से निपटने के लिए इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन होना झाबुआ जिले के लिए निश्चित ही बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकती है-कलेक्टर

## शासकीय पोलीटेक्निक कॉलेज झाबुआ में पांच दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम







**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय पोलीटेक्निक कॉलेज झाबुआ में पांच दिवसीय भूकम्प विरोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम म.प्र. के आपदा प्रबंधन संस्था के कार्यपालन संचालक व गृह संचिव रविन्द्र सिंह आई ए एस के नेतृत्व में किया गया। पॉलेटेक्निक कॉलेज झाबुआ में आज कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह भी उपस्थित रहीं। श्रीमती सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपदा शब्द अपने आप में ही यह संकेत देता है कि अकेला व्यक्ति इससे मुकाबला नहीं कर सकता है, जब तक लोकल स्तर पर लोगों को पता नहीं होगा कि इससे कैसे निपटा जाए। सहीं समय पर सुचना देने पर इससे नहीं निपटा जा सकता हैं समय से पता चलने पर हम इससे बच सकते हैं। कलेक्टर श्रीमती सिंह द्वारा पेटलावद ब्लास्ट का उदाहरण देते हुए कहा गया कि हमारे आस-पास कोई भी ऐसी चीजे हो रही हो जो नहीं होना चाहिए तो तूरन्त ही शासन को सूचित किया जाए। श्रीमती सिंह द्वारा खेतों में नरवई ना जलाई जाने को कहा गया। छोटी से छोटी गलती या घटना एक विनाशकारी रूप ले सकती है इसलिए सावधानी एवं बचाव ही सुरक्षा है। जिससे कि जनहानि से बचा जा सके। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य आपने जो प्रशिक्षण लिया है अपने आस-पास के लोगों के साथ भी शेयर करें। जिससे आपदा के समय कम से कम जनहानी हो। श्रीमती सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा की आपदाओं से निपटने के लिए इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन होना झाबुआ जिले के लिए निश्चित ही बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

उक्त प्रशिक्षण में संस्थान के संयुक्त संचालक डॉ जार्ज व्ही जोसेफ गृह विभाग म.प्र. शासन ने कार्यशाला में पहुंचकर आपदाओं, विद्यमान खतरों एवं सवेदनशीलता के बारे में विचार रखे। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया की आपदाओं के प्रभाव को कम करना है। तो समुदाय को तैयार करना होगा तभी आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है।भूकम्प विरोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में आज एनजीओ, सरकारी इंजिनियर, प्राइवेट इंजिनियर, कान्ट्रेक्टर एवं इंजिनियर विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोपाल में आपदा प्रबंधन संस्थाएं से आए संयुक्त संचालन डॉ. जार्ज वी.जे. जोसेफ ने सभी प्रतिभागियों को आपदा बचाव व सुझाव कि जानकारी साझा कि, इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को जागरूक किया जा रहा है, कि भूकम्प जैसी आपदा से अपने भवनों को सुरक्षित किया जा सकता है। एनजीओ के साथ इस प्रशिक्षण में यूनिसेफ से सुश्री स्वाति दे, सुश्री मिनाक्षी एवं शास्वत नायक, जीमी निर्मल, एनआरएलएम के 20 स्वयं सहायता समूह की महिला अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम के समन्वयक एवं संस्थान में पदस्थ अभिषेक मिश्रा के द्वारा किया गया। तकनिकि विशेषज्ञ के रूप में श्रीमती नेहा श्रीवास उपस्थित थी। प्रशिक्षक सत्र में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश वर्मा व प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज झाबुआ गीरिश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती रेशम गामड़, एसडीओ डब्लयूडी डी.के. शुक्ला के सहयोग से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सयोंजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में भोपाल आपदा प्रबंधन संस्था से आये टीम के इंजीनियर नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि जब हम भवन निर्माण करे तो भारतीय मानको का पालन करना चाहिये व ब्यूरो ऑफ इंडिया को पालन करना अनिवार्य हे ।


# गुर्जर समाज के इतिहास के साथ छेड़खानी और स्वाभिमान से समझौता बर्दास्त नहीं- एडवोकेट रविन्द्र जी भाटी



**खाचरोद/मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालवा हेराल्ड।**उज्जैन के नागदा में गुर्जर समाज के इतिहास के साथ छेड़खानी और स्वाभिमान से समझौता बर्दास्त नहीं उज्जैन में आयोजित साडू माता बावड़ी पर पन्नाधाय जयंती के अवसर पर एडवोकेट अरविंदसिंह भाटी ने कही जिस पर लोगों ने पूर्ण समर्थन व्याप्त किया भाटी जोशी वर्षो से गुर्जर समाज के हितों के लिए लड़ते आए हैं तथा वह वर्तमान में गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष है गुर्जरी माता माँ पन्ना गुर्जरी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सम्पूर्ण देश से आये अतिथियो ने शिरकत की कवि देवसिंह गुर्जर ने बताया कि उक्त आयोजन साडुमाता बावडी पर सम्पन्न हुआ जिसमें उज्जैन संभाग सहित हरियाणा नोएडा, दिल्ली, भोपाल, ग्वालियर,भिंड, मुरैना से पधारे अतिथि गुर्जर सरदारों ने भाग लिया नोएडा दिल्ली से गुर्जर स्वाभीमान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र सिंह भाटी, भिंड मुरैना से ओबीसी नेता लोकेंद्र गुर्जर ग्वालियर से पंडित श्री 1008 श्री सत्यवीर शास्त्री भगवत प्रवक्ता, संत श्री 1008 श्री शितलाई नाथ जी महाराज मां पार्वती धाम उज्जैन बाबुलाल पन्डापरी, दिनेश पन्डा मऊ,पटेल सुरेंद्रसिंह गुर्जर मोकडी, कवि मनोहर सिंह कराडा,उदयसिंह पटेल, सोहनसिंह गुर्जर, पुर्व जनपद अध्यक्ष बनगर चौअम्य गुर्जर सरपंच विरम गुर्जर, देव सेना प्रदेश प्रचार मंत्री कवि देव सिंह गुर्जर आदि ने वक्तव्य रखा इस अवसर पर शिवनारायण गुर्जर ग्राम बिसाखेडी माखनसिंह गुर्जर मनिष गुर्जर निर्भरसिंह गुर्जर धर्मेंद्र गुर्जर चौ नरसिग जी गुर्जर चौ लाखनसिंह गुर्जर चौ शिवनारायण गुर्जर मांगुसिग,भारतसिंह गुर्जर मंत्री जी आदि सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कवि देवसिंह गुर्जर ने किया आभार माखनसिंह गुर्जर मनासा ने माना ।

# महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा नाटक मंचन कार्यक्रम का आयोजन





**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ में 13 मार्च 2023 को अंग्रेजी विभाग द्वारा नाट्य प्रस्तुति का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बी.ए. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा मुल्क राज आनंद द्वारा रचित उपन्यास अनटचेबल के मुख्य अंशों का नाटक रूप में मंचन किया गया । नई शिक्षा नीति में साहित्य शिक्षण को अधिक रोचक व सशक्त बनाने हेतु प्रायोगिक शिक्षण की व्यवस्था भी की गई है।

अतः अंग्रेजी विभाग द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं अभिव्यक्ति की संभावनाओं को तराशने हेतु इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। मुल्क राज आनंद द्वारा रचित अनटचेबल समाज के ऐतिहासिक वर्ण व्यवस्था एवं उससे जुड़ी कुरीतियों के प्रति समाज को जागरूक बनाता है ।

कार्यक्रम का शुभारंभ एवं अध्यक्षता संस्था की प्रभारी प्राचार्य डॉ. अंजना सोलंकी ने किया एवं उन्होंने छात्रों को अभिव्यक्ति के जीवन में महत्व के बारे में जानकारी दी । इतिहास विभागाध्यक्ष एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रविंद्र सिंह ने भारतीय समाज में अस्पृश्यता के उन्मूलन हेतु विभिन्न सुधारकों के कार्यों की जानकारी दी । कार्यक्रम का संचालन डॉ. पुलकिता आनंद के द्वारा किया गया, कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो. मिताली नीमा ने दी एवं आभार प्रदर्शन अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जैमाल डामोर द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, महाविद्यालयीन स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थि उपस्थित रहे ।

# भाजपा की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक संपन्न हुई

## चलो बूथ की ओर का संकल्प लेकर अपने अपने बूथ को मजबूत बनाने का कार्य करना पड़ेगा तभी 'बूथ जीता, चुनाव जीता' का संकल्प पूरा होगा -संभाग प्रभारी आलोक शर्मा



**तराना/मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी कि महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक स्थानीय हॉस्पिटल रोड बोड़ाना धर्मशाला तराना पर बैठक का शुभारम्भ पार्टी के पितृ पुरूष प. दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन संभाग प्रभारी आलोक शर्मा रहे बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला ने की विशेष अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक अरुण भीमावद शाजापुर विधानसभा तराना विस्तारक हेमंत सोलंकी मंचासीन रहे सभी अतिथियों का स्वागत नगर मंडल अध्यक्ष प्रवीण पालोत्रा कनासिया मंडल अध्यक्ष फुलसिंह गुर्जर माकड़ोन मंडल अध्यक्ष पप्पूसिंह चंद्रावत ने किया

बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व उज्जैन संभाग प्रभारी आलोक शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश भर में अल्पकालीन बूथ विस्तारक बनाए गए हैं यह सभी बूथ विस्तारक 10 दिन तक अपने शक्ति केंद्र के प्रत्येक बूथ केंद्र पर रहकर हर बूथ पर व्हाट्सएप ग्रुप ,हितग्राही , महिला युवा प्रमुख की नियुक्ति कर कार्य करना है आने वाले समय में विधानसभा चुनाव का युद्ध होने वाला है और यह युद्ध हम तभी जीत पाएंगे जब हमारा बूथ सबसे मजबूत होगा। इसके लिए हम सभी कार्यकर्ताओ को चलो बूथ की ओर का संकल्प लेकर अपने अपने बूथ को मजबूत बनाने का कार्य करना पड़ेगा तभी %बूथ जीता, चुनाव जीता% का संकल्प पूरा होगा हमारे तराना विधानसभा में 237 मतदान केंद्र हैं सभी मतदान केंद्र पर हमें जाना है और हर बूथ पर संगठन एवं पार्टी को मजबूत बनाना है हर बूथ पर पन्ना प्रमुख एवं पन्ना समिति बनाना है तभी शक्ति केन्द्र और बूथों पर पार्टी मजबूत होगी और आने वाले चुनाव में हमारी पार्टी का 51 प्रतिशत मत का लक्ष्य हम पूरा कर पायेंगे हमारी केंद्र की मोदी जी की सरकार एवं प्रदेश की शिवराजसिंह चौहान जी कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना की जानकारी जन जन तक हर बूथ स्तर तक पहुंचाना है प्रत्येक बूथ पर डिजिटल एवं फिजिकल कार्य करके संगठन व पार्टी को मजबूत करने का हमें कार्य कर तराना विधानसभा मैं कमल के फूल को खिलाकर को विजय बनाना है। यह संकल्प सभी बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के कार्यकर्ताओं को दिलवाया बैठक को भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला ने भी संबोदित किया। बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री नाहरसिंह पवार ने किया बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईश्वरसिंह पाटीदार वासुदेव पांडे सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जन मंडल, जिला पदाधिकारी गण शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक अल्पकालीन विस्तारक युवा मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, आईटी कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे जानकारी भाजपा कनासिया मंडल मिडिया प्रभारी शिवनारायण गुर्जर ने दी ।

# खंडवासुरा में पुलिया निर्माण की स्वीकृति पर रुकावट डालने का प्रयास

## सौपा ज्ञापन पुलिया निमार्ण को बताया उपयोगी

**बड़नगर./दैनिक मालवा हेराल्ड।** तहसील के ग्राम खंडवासुरा में चामला नदी पर बड़ी पुलिया निर्माण हेतु वर्ष 2016 से ग्रामीण जन प्रयासरत है जिसके संबंध में कई बार ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से चर्चा की साथ ही आंदोलन भी किये जिसका सुखद परिणाम रहा कि मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने ग्रामवासियों की समस्या को देखते हुए इस वर्ष 2023-24 के बजट में उक्त पुलिया निर्माण को स्वीकृति प्रदान की लेकिन दुर्भाग्य से कथित लोग पुलिया निर्माण में बाधा



उत्पन्न करने पर आमादा हैं इस कारण झुटे ज्ञापन देकर व गलत विरोध दर्ज कराकर उक्त स्वीकृति को निरस्त करने पर आमादा है। उक्त आरोप सांसद प्रतिनिधि गजेंद्रसिंह राजावत ने एक ज्ञापन के माध्यम से लगाते हुए इस संबंध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सोप है । ज्ञापन के माध्यम से खंडवासुरा के ग्रामीणों ने बताया कि खडवासुरा में स्वीकृति पुलिया निर्माण से आसपास के अनेक गांव लाभान्वित होंगे ज्ञापन के दौरान अर्जुनसिंह, लाखनसिंह, राजेंद्रसिंह, शंकरसिंह, बनेसिंह, मानसिंह, रणजीतसिंह, कमलसिंह आदि उपस्थित थे।

# कोटेश्वर में पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से होगी पंचपुष्प श्री शिव महापुराण कथा

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कोटेश्वर में जो कथा होने जा रही है उसमें पांडे परिवार की बहुत बड़ी भूमिका रही है। दुख इस बात का है कि आज वह हमारे बीच में नहीं है परंतु उनकी स्मृति में आयोजित इस कथा में उनकी जीवटता हर जगह झलकती है। आज हर जगह नागदा का नाम पांडे परिवार के नाम से जाना व जोड़ा जाता है। पांडे परिवार के कारण हमें यह कथा मिली है और सौभाग्य की बात है कि यह कथा विधानसभा के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कोटेश्वर में सम्पन्न होने जा रही है। हम सब मिलकर इस कथा को ऐतिहासिक बनाएंगे, 3 वर्षों के भ्रमण में यहां के लोगों की धर्म के प्रति अटूट श्रद्धा व आस्था देखी है। नारी शक्ति की उपस्थिति बता रही है की शिव पुराण कथा को लेकर इनका उत्साह चरम पर है।

उक्त मार्मिक विचार श्री शिव महापुराण कथा आयोजक शरद सिंह सिसोदिया ने नागदा में आम जनमानस को कथा के निमित्त निमंत्रण पत्र वितरण अवसर पर व्यक्त किए। सोमनाथ गार्डन नागदा में आयोजित बैठक के दौरान आयोजक सिसोदिया एवं पदाधिकारियों का अमन पांडे, संतोष पेंटर, कोहिनूर मंसूरी,प्रीति शुक्ला, मंगला शर्मा, उर्मिला कौशल सहित स्थानीय ग्रामीणों ने पुष्प हार से स्वागत किया। समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी दिनेश रघुवंशी ने कहा कि हमारे क्षेत्र व जिले के लिए गौरव की बात है कि अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित मिश्रा की शिव महापुराण कथा

## पांच दिनों तक होगा विभिन्न पुष्पों का वर्णन




हमें रूबरू सुनने को मिलने जा रही है । हम सभी आमजन को सहभागी बनकर आगंतुकों की सेवा लाभ के साथ कथा श्रवण लाभ लेना है।

24 मार्च से 28 मार्च तक कोद के समीप प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कोटेश्वर धाम में पांच दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से संपन्न होना है। कथा में प्रत्येक जनमानस को आमंत्रित करने के निमित्त गांव गांव जाकर आयोजक सिसोदिया एवं समिति पदाधिकारियों द्वारा निमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। नागदा में सचिन पांडे व रमेश सांखला ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन राजेन्द्र जाट ने किया।मंगलवार को करौदा की धाकड़ धर्मशाला, कड़ोद खुर्द के पिपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बैठक संपन्न हुई। यहां गजेंद्र सिंह बेराडिया, भानु प्रताप सिंह डोडिया, उपसरपंच सत्यनारायण जाट, सुभाष रघुवंशी, सागर सिंह चावड़ा आदि ने स्वागत कर सहयोग प्रदान करने की बात कही।अगली बैठक नीलकंठ महादेव मंदिर गरडावद में संपन्न हुई। यहां विक्रम सिंह पटेल, पंकज पंवार, समरथ सिंह दांगी, राम सिंह मकवाना, परसराम खोंचर मुकेश भाकर आदि ग्रामीणों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने का भरोसा दिलाया।यंहा संचालन विनोद गेहलोद बांकुरली ने किया।जानकारी आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी गोवर्धन सिंह डोडिया ने दी।

### एसडीओपी ने किया कथा स्थल का निरीक्षण

श्री शिव महापुराण कथा आयोजन स्थल की व्यवस्था को लेकर बदनावर एसडीओपी शेर सिंह भूरिया ने अवलोकन किया। विशेषकर पार्किंग व्यवस्था को लेकर चर्चा की व भौगोलिक स्थिति को गहनता से समझा।

आयोजन समिति के राजू खोखर चेतन सिंह राठौर भूपेंद्र जाट आदि ने आयोजन की तैयारी व व्यवस्था की वस्तु स्थिति से अवगत कराया।

### कोटेश्वर में 2 बजे से 5 बजे तक होगी पंचपुष्प शिव महापुराण कथा

तीर्थ स्थल कोटेश्वर धाम में आगामी 24 से 28 मार्च तक होने वाली पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। इस कथा का नाम पंडित मिश्रा द्वारा पंचपुष्प नाम दिया गया है।इस पांच दिवसीय कथा में एक एक फूल कोनसे महादेव को कब चढ़ाया जाए, जिससे जिंदगी में कोई बड़ा रोग, टेंशन जीवन भर सम्मुख ना आए, ऐसा कौन सा पुष्प शिव जी को चढ़ाया जाए जिससे हमारे जीवन में जो दुख आया है वह कट जाए। उस पंचपुष्प को हम समझेंगे हम प्रयास भी करेंगे की कथा के बीच 5 दिन जिन पंचपुष्प को शिव जी को चढ़ाया जाए उन्हें आस्था चैनल के माध्यम से लाइव दर्शन करवाने का प्रयास करेंगे। पंचपुष्पो की जानकारी उपस्थित धर्मालुओं को पंडित मिश्रा द्वारा प्रदान की जाएगी। ख्याति प्राप्त कथावाचक पंडित मिश्रा ने नोएडा में चल रही कथा की व्यास पीठ से बुधवार को एक वीडियो जारी कर बताया की शिवजी के भक्तों द्वारा कौन से पुष्प अर्पित करने से कौन सी बाधा दूर होती है उसके बारे में प्रतिदिन 5 दिवस तक कोटेश्वर की कथा में वर्णन किया जाएगा। यदि बदनावर क्षेत्र में पंचपुष्प अगर प्राप्त हुए तो उन्हें कथा से लाइव आस्था चैनल के माध्यम से दिखाया जाएगा।

# हनुमान जन्मोत्सव पर बडे बालाजी मंदिर क्षेत्र में होगा कवि सम्मेलन




**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हनुमान जन्मोत्सव पर बड़े बालाजी मंदिर बस स्टेण्ड पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया जावेगा। जिसकी तैयारियां पूर्णता की ओर है। जन्मोत्सव के दौरान पं. रामनारायण शर्मा को काव्य अलंकरण सम्मान दिया जाएगा।

1 अप्रैल दोपहर 12 बजे से सुन्दरकाण्ड होगा। 6 अप्रैल को सायं 7 बजे शाही महाआरती होगी। महाआरती के दौरान मंदसौर के 151 ढोल, कोटा बुंदी की शहनाई, अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की पुष्पवर्षा व आतिशबाजी, तोप व नगाड़े और रंगारंगा आतिशबाजी और जानेमाने ख्यातनाम 501 कलाकारों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ 251 दीपक से भगवान बालाजी महाराज की महाआरती होगी व प्रसाद वितरण होगा। 9 अप्रैल, प्रातः 11 बजे से विशाल शाही महाभण्डारा फ्तेहपुरिया अग्रवाल धर्मशाला बस स्टेण्ड मंदसौर में होगा जो शाम 4 बजे तक चलेगा।

15 अप्रैल को सायं 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन बालाजी मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड पर होगा। जिसके सूत्रधार राष्ट्रीय कवि मुन्ना बैटरी होंगे। इस कवि सम्मेलन में कवि गौरव चौहान इटावा उत्तर प्रदेश, सुनील व्यास बम्बई महाराष्ट्र, अर्जुन अल्हड़ कोटा राजस्थान, लोकेश जड़िया धार मध्यप्रदेश, प्रिया खुशबू इंदौर मध्य प्रदेश, ओर सपना सोनी जयपुर राजस्थान काव्यपाठ करेंगे।

## फिर बदल रहा मौसम का मिजाज, 20 मार्च तक बारिश और ओलावृष्टि की आशंका

**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया है। बुधवार सुबह से बादल छाए हुए है और हवाएं चल रही है। बीते एक हफ्ते के भीतर ही ऐसा दूसरी बार हो रहा है जब बारिश की आशंका बन रही है।आज न्यूनतम तापमान 20 डिग्री और अधिकतम तापमान 33 डिग्री रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 20 मार्च तक बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मंगलवार को एक सिस्टम एक्टिव हुआ है। वहीं 16 मार्च से एक और मजबूत सिस्टम बनेगा। इससे 20 मार्च तक प्रदेशन के कई हिस्सो में तेज हवाओ के साथ बारिश और ओलावृष्टि होगी।

# कक्षा में बच्चों की जितनी सक्रिय भागीदारी होगी उतनी ही ज्यादा कक्षा जीवंत होगी - मनोज शुक्ला

### जिला स्तरीय शैक्षिक संवाद में कक्षा में बच्चों की सक्रिय सहभागिता के लिए शिक्षको ने अपने बेहतर विचार किए साझा




**नागदा (धार)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जिला प्रशिक्षण संस्थान डाइट धार द्वारा दीक्षा एप पर आनलाइन संचालित शैक्षिक कोर्स कक्षा कक्ष ,पुस्तकालय,प्रिंटरिच समृद्ध वातावरण में बच्चों की सक्रिय सहभागिता विषय पर जिला स्तरीय शैक्षिक संवाद का आनलाइन आयोजन किया गया जिसमें डाइट ,डीआरजी,केआरपी,एनजीओ सहित जिले के विभिन्न विकासखंडो से चयनित शिक्षको ने सहभागिता कर सहभागिता कर अपने विचार साझा किए ।

इस अवसर पर डाइट प्राचार्य मनोज शुक्ला ने कहा कि - कक्षा में बच्चों की जितनी सक्रिय भागीदारी होगी उतनी ही ज्यादा कक्षा जीवंत होगी । जिला प्रशिक्षण प्रभारी कमल सिंह ठाकुर ने कहा कि - हम कक्षा कक्ष के अलावा पुस्तकालय ,प्रिंट रिच समृद्ध वातावरण से भी बच्चों की सहभागिता को सुदृढ़ कर सकते हैं। पूर्व एपीसी भूषण देशपांडे ने कहा कि - सबसे पहले हमें काम के प्रति सक्रिय होना होगा बच्चे स्वतः सक्रिय होगे हम उन्हें ऐसा आनंदमयी ,भयमुक्त वातावरण प्रदान करें जिससे बच्चें हर पल सक्रिय रहें । बदनावर विकासखंड के शिक्षक गोपाल कौशल ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि - हमें कक्षा कक्ष में बच्चों की सक्रिय सहभागिता के लिए हुक,कोल्ड कालिंग,थिंक-पेयर-शेयर,सरक्यूलेट तकनीक के साथ-साथ अपनी स्वयं की नवाचारी पद्धतियों से बच्चों में सुनने,पढ़ने,लिखने,बोलने के कौशल को सहज रुप से विकसित कर सकते हैं । पूर्व एपीसी ठाकुरलाल मालवीया ने कहा कि - कक्षा कक्ष में हम अंतर्राष्ट्रीय शिक्षण तकनीकों का भी उपयोग कर बच्चों की सक्रियता को ओर बेहतर बना सकते हैं । पिपल्स भोपाल से सोनाली पाटीदार ने भी मार्गदर्शन देकर प्रतिभागियों के विचारों,सुझावों की सराहना की ।जिलास्तरीय शैक्षिक संवाद में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के धर्मेंद मालवीय , विष्णु गोपाल गोयल डीआरजी,गोपाल कौशल,देवेन्द्र त्रिवेदी,केआरपी ,श्रीमती प्रतिज्ञा अग्रवाल ,धर्मेंद्र जोशी,राकेश तिवारी,श्रीमती सोनिया शर्मा,अस्मिता निगम ,श्रीमती उर्मिला मकवाने केआरपी,श्रीमती जीनत शेख,नीतीशसिंह राठौर ने बच्चों की सक्रिय सहभागिता के लिए अपने सार्थक विचार साझा किए । संचालन डीआरजी विष्णु गोपाल गोयल ने किया । आभार श्रीमती शर्मिला रावल डाइट धार ने माना ।

## ‘अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की कार्यकारिणी गठित’

**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष दिलीप सेठिया ने प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल की सहमति से मारवाड़ी युवा मंच की कार्यकारिणी का गठन किया है जिसमें प्रदेश कार्यकारणी सदस्य हेमंत अग्रवाल, संजय वर्मा, नरेन्द्र कुमार त्रिवेदी, सरंक्षक-डॉ आशीष अग्रवाल, चन्द्रशेखर नागदा, संयोजक-डॉ. दीपक अग्रवाल, संतोष गोयल, सुमित मित्तल, मार्गदर्शक, संदीप जैन, गोपाल मंडोवरा विश्वमोहन अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल सिंहल, सौरभ सोमानी, उपाध्यक्ष-दिलीप गुप्ता, अंकुश पालीवाल, विवेक पालीवाल, सचिव ऋषभ पोरवाल, सहसचिव कुलदीप सोमानी, कोषाध्यक्ष-गणेश सोनगरा, सहकोषाध्यक्ष-नवीन चौधरी, संगठन मंत्री-सौरभ बाकलीवाल, बनाया गये।

## जिला कांग्रेस कमेटी की वर्तमान कार्यकारिणी भंग

**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन जैन ने वर्तमान जिला कांग्रेस कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। जैन के अनुसार मंदसौर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी मुजीब कुरेशी की सहमति से मंदसौर जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी को भंग करते हुये आगामी दिनो में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनमोदन उपरांत नवीन जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी गठित की जायेगी।

## दूधाखेडी मंदिर में मिला 43 लाख से अधिक का चढ़ावा, गिनती जारी



**मंदसौर/भानपुरा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्र के प्रसिद्ध आरोग्य धाम दुधाखेडी माताजी मंदिर के दान पात्रों की राशि की गणना गत दिवस शुरू हुई। प्रथम दिन की गणना 25,44,500 रही थी। 15 मार्च गणना 18,12,000 रही। कुल राशि 43,56,500 की गणना हो गई।

## जलकर वसूली एवं अवैध नल कनेक्शनों के नियमितीकरण हेतु शिविर आयोजित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोक स्वा.यां. विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के साथ ही बकाया जलकर वसूली किये जाने एवं अवैध कनेक्शन का नियमितिकरण कर अवैध से वैध किये जाने की कार्यवाही हेतु 15 मार्च से 31 मार्च तक शहर के विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष के साथ साथ बकाया जलकर की वसूली की जावेगी तथा बकाया जलकर राशि जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जावेगे। शिविर में अवैध कनेक्शनो को नियमित किये जाने के साथ ही अवैध कनेक्शन वैध नहीं कराने वालों के कनेक्शन तत्काल विच्छेद किये जाकर उस पर होने वाला व्यय की वसूली की जाएगी। बुधवार को पटेल नगर अंकपात मार्ग एवं मुनी नगर दो तालब के पास शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बकालया जलकर वसूली के साथ ही अवैध नल कनेक्शन को नियमित करने की कार्यवाही की गई। गुरूवार को रविशंकर नगर बगीचा एवं नानाखेड़ा शुद्धश्री रेस्टोरेंट के पास शिविर आयोजित होंगे।

# 26 मार्च से 6 अप्रैल तक नौ कुंडीय महायज्ञ का आयोजन तीन छत्री बालाजी में



**मन्दसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रामचरित मानस नौ कुंडीय महायज्ञ का आयोजन 26 मार्च से 6 अप्रैल तक तीन छत्री बालाजी मंदिर धाम में आयोजित होने जा रहा है। जिसको एक लेकर एक बैठक का आयोजन तीन छत्री बालाजी मंदिर परिसर में महंत रामकिशोरदासजी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुई। जिसमें सर्वानुमति से आयोजन समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष पं. शिवकरण प्रधान को बनाया गया।

आयोजन समिति अध्यक्ष पं. शिवकरण प्रधान ने कहा कि तीन छत्री बालाजी धाम मंदसौर में सम्पूर्ण रामचरितमानस की चौपाई द्वारा मालवा क्षेत्र में पहली बार यह आयोजन महंत रामकिशोरदासजी महाराज एवं महंत रामशिरोमणदासजी महाराज चित्रकूट की उपस्थिति में आयोजित होने जा रहा है। रामचरित मानस नौ कुंडीय महायज्ञ के दौरान 26 मार्च को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा निकलेगी, यज्ञ का शुभारंभ 27 मार्च को प्रातः 7 बजे से होगा। यज्ञ की पूर्णाहुति एवं संत समागम 4 अप्रैल को दोप. 1 बजे से होगा। 6 अप्रैल को प्रातः 8 बजे हनुमान जन्मोत्सव व ध्वजा यात्रा का आयोजन होगा। सायं 4 बजे से यज्ञ प्रसादी एवं झरा भण्डारा होगा। इस दौरान 30 मार्च से 5 अप्रैल तक दोप. 12 से 4 बजे तक कथावाचक पं. भीमाशंकरजी शास्त्री धारियाखेड़ी वाले द्वारा श्रीमद् भागवत सप्ताह व्याख्यान का आयोजन होगा।

## छत्रीचौक डिस्पेंसरी के स्थान पर महिला मार्केट एवं सिटी क्लिनिक बनाया जाएगा- महापौर श्री टटवाल

### महापौर ने स्थल निरीक्षण कर कार्ययोजना बनाए जाने के निर्देश दिए

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वार्ड क्रमांक 20 छत्रीचौक स्थित जिला रोगी कल्याण समिति द्वारा संचालित डिस्पेंसरी जो कि काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गई है जिसे हटाया जा कर अत्याधुनिक सिटी क्लीनिक के साथ ही महिलाओ के लिए महिला प्रधान मार्केट का भी निर्माण कराया जाएगा। महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा स्थल निरीक्षण कर कार्य योजना बनाए जाने की निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। महापौर श्री मुकेश टटवाल ने बुधवार को छत्रीचौक स्थित डिस्पेंसरी एवं पुरानी पानी की टंकी का स्थल निरीक्षण किया गया। यहां सिटी क्लिनिक के साथ-साथ रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु दुकानों का निर्माण किया जाएगा। जिसमें महिला प्रधान चूड़ी बाजार से लेकर सभी महिलाओं से संबंधित दुकानें संचालित होगी, साथ ही छत्रीचौक स्थित पानी की टंकी को डिस्मेंटल किया जाकर वहां पर फल-फ्रूट, सब्जी वालों के लिए रोजगार उपलब्ध करवाए जाएगा। महापौर श्री टटवाल ने निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिटी क्लिनिक एवं मार्केट की कार्य योजना क्षैत्रिय पार्षद श्री प्रकाश शर्मा के साथ मिलकर बनाई जाए ताकि शीघ्र इसका कार्य प्रारंभ हो सके। महापौर श्री टटवाल ने बताया कि शहर को साफ स्वच्छ रखने के साथ-साथ अतिक्रमण मुक्त भी बनाया जाएगा, जिससे शहरवासियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो, निगम का उद्देश्य किसी को कही से हटाकर बेरोजगार करना नही है, उनके रोजगार का भी नितांत रूप से ध्यान रखा जाएगा इसके लिए सिटी क्लिनिक के साथ ही महिला मार्केट एवं फल-फ्रूट, सब्जी वालों के लिए यहां व्यवस्था की जाएगी।

# लाड़ली बहना योजना के ई-केवाईसी निःशुल्क होगी - महापौर

### महापौर ने ई-केवाईसी सेंटर का निरीक्षण किया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा घोषित लाड़ली बहना योजना का प्रारंभ हो गया है, इसमें प्राथमिक रूप से पात्र हितग्राहियों के ई-केवाईसी अपलोड किये जाने हैं। इस हेतु एमपी ऑनलाईन तथा सीएससी सेंटर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महापौर श्री मुकेश टटवाल ने ई-केवाईसी सेंटर का निरीक्षण कर वहां ई-केवाईसी हेतु आई महिलाओं से चर्चा करते हुए कहां कि ई-केवाईसी निःशुल्क है, इसका शुल्क देने की आवश्यकता नही है।

महापौर श्री मुकेश टटवाल, अपर आयुक्त श्री आदित्य नागर द्वारा झोन अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र मेहर, श्री पुरूषोत्तम मालवी, झोनल अधिकरी श्री हर्ष जैन के साथ वार्ड 34 जयसिंहपुरा एवं वार्ड 35 नीलगंगा सीएससी सेटंर जहां ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है उनका निरीक्षण कर वहा की व्यवस्था देखी एवं वहां ई-केवायसी हेतु उपस्थित महिलाओं से चर्चा करते हुए कहां कि ई-केवाईसी निःशुल्क है। महापौर श्री टटवाल ने बताया कि ई-केवाईसी हेतु एमपी ऑनलाईन अथवा सीएससी सेंटर को कोई शुल्क नहीं देना है। श्री टटवाल ने सभी पार्षदों से अनुरोध किया है कि वे हितग्राहियों को इन सेंटर्स पर पहुंचाकर ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करवाये तथा यह ध्यान रखें कि हितग्राहियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जावे।

आयुक्त नगर पालिक निगम, उज्जैन श्री रोशन कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में ई-केवाईसी का कार्य प्रारंभ है तथा इस कार्य में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं नगर पालिक निगम, उज्जैन के अधिकारी व कर्मचारी लगाये गये हैं। आयुक्त द्वारा ई-केवाईसी हेतु प्रतिदिन की प्रगति सभी झोनल अधिकारियों को मुख्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

ई-केवाईसी की प्रक्रिया बताते हुये नोडल अधिकारी एवं अपर आयुक्त श्री आदित्य नागर ने बताया कि हितग्राही अपने वार्ड के आंगनवाड़ी केन्द्र पर उपस्थित हो तथा पात्रता का निर्धारण कराकर चिन्हित एमपी ऑनलाईन एवं सीएससी सेंटर पर उपस्थित होकर ई-केवाईसी अपलोड करावें। केन्द्रों की सूची आंगनवाड़ी, झोन कार्यालय पर उपलब्ध है, जहां से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक झोन कार्यालय पर भी ई-केवाईसी हेतु तीन काउन्टर लगाये गये हैं जहां पर भी अपलोड की कार्यवाही की जा सकती है।

**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

**//जाहिर सूचना//**

प्राधिकरण की महानंदा नगर विस्तार योजना में अंर्तगत आवासीय/व्यवसायिक उपयोग में भवन/भूखण्ड/दुकान क्रं. बी 7/13 श्रेणी एलआयजी को लीज होल्ड से फ्रीहोल्ड में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उज्जैन सम्पत्ति उज्जैन विकास प्राधिकरण के रिकार्ड में श्री हेमचंद्र मकवाना पिता श्री खुबचंन्द्र मकवाना निवासी पी-9 इटिगेशन कॉलोनी डीसी रोड़ अंबिकापुर (छ.ग.) उज्जैन के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मय फोटो आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भूस्वामी अधिकार फ्रीहोल्ड में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भूस्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) में किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा. उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में या लिखित में मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेजों के आधार पर उक्त सत्पत्ति भूस्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी। तत्पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन**

**कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

**//जाहिर सूचना//**

प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार आवासीय योजना में आवंटित भूखण्ड/दुकान क्रं. बी 5/45 श्रेणी ईडब्ल्यूएस को लीज होल्ड से भूस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की त्रिवेणी विहार आवासीय योजना में भूखण्ड क्रं. बी 5/45 श्रेणी ईडब्ल्यूएस प्राधिकारी रिकार्ड में श्री दिनेश चन्द्र शुक्ला पिता श्री अवध बिहारी लाल शुक्ला एवं श्रीमती मीना शुक्ला पति श्री दिनेश चन्द्र शुक्ला निवासी 61 एलआईजी पटेल नगर उज्जैन के नाम पर दर्ज है तथा प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म के साथ शपथ पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भूस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवंटी द्वारा उक्त सम्पत्ति के प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भूस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन किये जाने में यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उ.वि.प्रा. उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र उज्जैन में प्रस्तुत करें। अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेजों तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सत्पत्ति का संपरिवर्तन भूस्वामी अधिकार विलेख में कर दीया जावेगा। जिसमें किसी की कोई आपत्ति उज्र मान्य नहीं होगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन**

## सम्पादकीय

### हंगामे का सदन

अब सत्तापक्ष को राहुल गांधी के ब्रिटेन में दिए भाषण को लेकर कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया है। उसका कहना है कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर भारतीय लोकतंत्र का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए।

ऐसी अपेक्षा की जाती है कि संसद में जरूरी मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा होगी और समस्याओं के समाधान की दिशा में व्यावहारिक नतीजे निकाले जा सकेंगे। मगर पिछले कुछ सालों से संसद के दोनों सदन जैसे राजनीतिक दलों के लिए जोर–आजमाइश की जगहों में बदलते गए हैं। हर संसद सत्र में पक्ष और विपक्ष के बीच किसी न किसी मुद्दे को लेकर शुरू से लेकर आखिर तक हंगामा चलता रहता है। उसी में कुछ सांसदों को निलंबित करने की कार्रवाई भी की जाती है और फिर उसे लेकर अलग से हंगामा शुरू हो जाता है।

अक्सर यह भी देखा जाने लगा है कि संसद सत्र अवधि से पहले ही स्थगित कर दिया जाता है। बजट सत्र में भी वही रुझान बना हुआ है। इसका पहला चरण हंगामे की भेंट चढ़ गया। दूसरे चरण में भी पहले ही दिन से हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष ने पहले से तय कर रखा था कि वह अडाणी प्रकरण पर सत्तापक्ष को घेरेगा। यह बात सरकार को पता थी, इसलिए उसने अपने बचाव में तैयारियां कर रखी थी। विपक्ष अड़ा हुआ है कि अडाणी की कंपनियों को दिए गए कर्ज के मामले में सरकार अपना पक्ष रखे, मगर सत्तापक्ष उस पर कोई बात करने को तैयार नहीं है।

अब सत्तापक्ष को राहुल गांधी के ब्रिटेन में दिए भाषण को लेकर कांग्रेस को घेरने का मौका मिल गया है। उसका कहना है कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर भारतीय लोकतंत्र का अपमान किया है। इसके लिए उन्हें सदन में आकर माफी मांगनी चाहिए। फिर वे जिस सदन के सदस्य हैं, उसी सदन का अपमान करने का मामला दंडात्मक कार्रवाई का बनता है। उनकी सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए। स्पष्ट है कि सरकार अडाणी प्रकरण को दबाने के लिए राहुल गांधी के भाषण को तूल देती रहेगी और संसद में किसी विषय पर कोई सार्थक बहस संभव नहीं हो पाएगी।

यह पहला मौका नहीं है, जब सत्तापक्ष और विपक्ष रणनीतिक रूप से संसद में हंगामा कर रहे हैं। पिछले कई सालों से यह प्रवृत्ति बनी हुई है। तीन कृषि कानूनों को लेकर भी इसी तरह हंगामा हुआ और फिर स्थिति यहां तक पहुंच गई थी कि कुछ विपक्षी नेताओं को पूरे सत्र के लिए संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने से रोक दिया गया। बाकी विपक्षी सदस्यों को सदन से बाहर निकालने के लिए सुरक्षाबलों का प्रयोग करना पड़ा था। कई बार ऐसा देखा जा चुका है कि विपक्ष संसद से बाहर निकल कर मीडिया के सामने अपनी बातें रखता रहा है।

दरअसल, संसद की मर्यादाएं दोनों पक्ष तोड़ते देखे जा रहे हैं। सरकार जानबूझ कर उन असहज करने वाले सवालों से बचने का प्रयास करती है, जिनसे उसकी कमजोरी जाहिर हो सकती है। इसलिए वह हर बार कोई न किसी ऐसे मामले को तूल देती देखी जाती है, जिसके जरिए वह विपक्ष की गलतियां रेखांकित कर सके। इसमें विपक्षी नेताओं के बोलते वक्त तरह–तरह से व्यवधान उपस्थित करते भी देखा जाता है।

हालांकि विपक्ष भी स्वस्थ इरादे से किसी मुद्दे पर बहस करने की इच्छा रखता हो, ऐसा नहीं कहा जा सकता। वह अक्सर सरकार को घेर कर अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास करता है। इस तरह संसद में चर्चाओं का मूल मकसद ही कहीं खो गया है। इसका नतीजा यह निकलता है कि जिन कानूनों पर चर्चा के बाद सहमति बननी चाहिए, वे भी एकतरफा सहमति से पारित कर दिए जाते हैं। इस प्रवृत्ति से लोकतंत्र का नुकसान ही हो रहा है।

## सहजयोग में आपसी प्रेमभाव से अधिक महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं



सहजयोग संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी ने प्रेम की शक्ति को सबसे अधिक शक्तिशाली व प्रभावशाली माना है। परमात्मा ने प्रेम की शक्ति के द्वारा ही इस ब्रह्माण्ड का निर्माण किया है तथा वे अपनी प्रत्येक रचना से अत्यंत प्रेम करते हैं। श्री माताजी कहती हैं कि,

हमें खुद पर विश्वास नहीं है। हम खुद से प्यार नहीं करते। फिर हम उस परमेश्वर से कैसे प्रेम कर सकते हैं जिसने हमें बनाया है? यह सबसे बड़ी समस्या है।

भगवान ने इस ब्रह्मांड को बनाया है, यह सब हमारे लिए है। और उन्होंने हमारे भीतर यह सुंदर साधन बनाया है ताकि हम उन्हें जानने के लिए दूसरा जन्म ले सकें, उनकी महानता को जान सकें, उनकी शक्तियों को जान सकें और उन शक्तियों के स्वामी बन सकें जो उनके पास हैं। कोई भी पिता या माता हमेशा खुश रहते हैं जब वह अपना सब कुछ अपने बच्चों को दे सकते हैं। इसलिए हम उस पर भरोसा करते हैं और हम खुद पर भरोसा करते हैं। लेकिन जब तक हम अपने आप पर भरोसा करते हैं, हम कारण और प्रभाव के दायरे में रहते हैं। हम इससे बाहर नहीं निकल सकते। हम इससे बाहर नहीं कूद सकते। कारण और प्रभाव के दायरे से बाहर कूदने के लिए, सबसे पहले पूरी तरह से अच्छी तरह से जानना चाहिए कि यह भगवान का प्यार है। जो भी हो, वह हमें बचाने वाला है। वह हमारी देखभाल करने वाला है। वह हमारी चिंता करने वाला है। (03.06.1985) जब हम इस सत्य को आत्मसात् कर लेते हैं तो हमारे हृदय में प्रेम का उद्भव होता है। क्योंकि जब हम स्वयं को सांसारिक चिंताओं से मुक्त कर पाते हैं तभी हम सृष्टि का आनंद ले पाते हैं तथा घृणा व व्यर्थ की प्रतियोगिताओं से व प्रभुत्व की लालसा से स्वयं को मुक्त रख पाते हैं। इसी स्थिति को संतुलन में रहना या मध्य में स्थित होना माना जाता है। श्री माताजी ने इसी संदर्भ में सहजयोगियों को दिग्दर्शित किया है कि,

आपको अतिवादी का त्याग करना होगा। अपने रुझान को मध्य में रखना होगा, तभी आप विकसित हो सकते हैं क्योंकि आप जानते हैं कि जीवन का रस आपके मध्यमार्ग से बहता है, सुषुम्ना केंद्रीय प्रणाली। सहज योग में भी व्यक्ति को सावधान रहना होता है। यह एक मिशन है, लेकिन यह किसी मिशनरी का मिशन नहीं है। मैं कहती हूं कि यह प्रेम का मिशन है। जो लोग प्यार करते हैं, जो इंसानों से प्यार करते हैं, उनके लिए सहज योग में प्यार से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है।

प्रतियोगिता यह होनी चाहिए कि आप कितना प्यार करते हैं, कौन ज्यादा प्यार करता है। इस बात की प्रतियोगिता होने दें कि कौन अधिक उपकृत करता है, कौन अधिक साझा करता है, कौन दूसरों को अधिक प्यार करता है। प्रतिस्पर्धा प्रेम में हो, घृणा में नहीं। (13.03.1980)

सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं -1800 2700 800 बेवसाइट? - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल -लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06:30 बजे।

# दशामाता पूजन कथा विधि, मुहूर्त , राशि अनुसार करे पूजन

दशा माता का व्रत चैत्र (चेत) महीने के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि के दिन किया जाता है। दशा माता का व्रत, घर-परिवार के बिगड़े ग्रहों की दशा या परिस्थिति अनुकूल बनी रहे, ऐसी कामना के साथ किया जाता है। दशा माता यानि माँ भगवती की पूजा और व्रत करके महिलायें गले में डोरा पहनती है ताकि परिवार में सुख-समृद्धि, शांति, सौभाग्य और धन संपत्ति बनी रहे।

होली के दस दिन बाद यह व्रत आता है। हिंदू पंचांग के अनुसार 17 मार्च दिन शुक्रवार को है। व्रत मे महिलाएं दशा माता और पीपल की पूजा कर सौभाग्य, ऐश्वर्य, सुखशांति और आरोग्य की कामना करती हैं। महिलाएं शुभ मुहूर्त मे पीला धागा गले में धारण करती हैं।

दशा ख़राब हो तो अनेक प्रकार की बाधाएँ उत्पन्न हो जाती हैं, पूरी कोशिश करने पर भी कोई काम पूरा नहीं होता। ऐसे ही संकटों से उबारने वाला है दशा माता का व्रत। इस व्रत को जो व्यक्ति भक्ति-भाव से करता है, उसके घर से दुःख और दरिद्रता दूर हो जाती है, और घर परिवार की दशा सही बनी रहती हैं।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

**चौघडिया**
**17 मार्च शुक्रवार**
**प्रातःकाल 09:23 से प्रातःकाल 10:56 बजे तक।**
**लाभ चौघड़िया प्रातःकाल 10:56 से दोपहर 12:29 बजे तक।**
**अमृत चौघड़िया दोपहर 12:29 से दोपहर 02:03 बजे तक।**

भगवान श्रीहरि नारायण विष्णु की पूजा अनेक रूपों में की जाती है। मनुष्य को अपने अलग-अलग उद्देश्यों की पूर्ति के लिए श्रीहरि के अलग-अलग रूपों का पूजन करना चाहिए। चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को भी एक ऐसा व्रत आता है जो आपके बिगड़े ग्रहों की दशा सुधारकर आपको सुख-समृद्धि, सौभाग्य और धन संपत्ति की पूर्ति करवाता है। इस व्रत को दशामाता व्रत कहा जाता है। अपने नाम के अनुरूप यह व्रत-पूजा मनुष्य के परिवार की दशा को सुधार देता है। दशामाता पूजन यह व्रत उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में किया जाता है। पश्चिम भारत के गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों के भी अनेक भागों में करने की परंपरा है।

### कैसे किया जाता है दशामाता पूजन

दशामाता व्रत के दिन मुख्यतः भगवान विष्णु के स्वरूप पीपल वृक्ष की पूजा की जाती है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं कच्चे सूत का 10 तार का डोरा बनाकर उसमें 10 गांठ लगाती हैं और पीपल वृक्ष की प्रदक्षिणा करते उसकी पूजा करती हैं। पूजा करने के बाद वृक्ष के नीचे बैठकर नल दमयंती की कथा सुनती हैं। इसके बाद परिवार के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए डोरा गले में बांधती हैं। घर आकर द्वार के दोनों हल्दी कुमकुम के छापे लगाती है। इस दिन व्रत रखा जाता है और एक समय भोजन किया जाता है। भोजन में नमक का प्रयोग वर्जित रहता है। इस दिन प्रातः जल्दी उठकर घर की साफ-सफाई करके सारा कचरा बाहर फेंक दिया जाता है। इस दिन किसी को पैसा उधार नहीं देना चाहिए। प्रयास करें कि दशामाता पूजा के पूरे दिन बाजार से कोई वस्तु ना खरीदें, जरूरत का सारा सामान एक दिन पूर्व ही लाकर रख लें।

### दशामाता व्रत कथा-नल दमयंती की कथा

पौराणिक कथाओं के अनुसार एक समय राजा नल और रानी दमयंती सुखपूर्वक राज्य करते थे। उनके दो पुत्र थे। एक दिन की बात है। एक ब्राह्मणी राजमहल में आई और रानी से कहा कि दशा माता का डोरा ले लो। दासी बोली- हां महारानी जी, आज के दिन सभी सुहागिन महिलाएं दशा माता की पूजा और व्रत करती है और इस डोरे को गले में बांधती है, जिससे घर में सुख-समृद्धि आती है। रानी ने वह डोरा ले लिया और विधि अनुसार पूजा करके गले में बांध लिया। कुछ दिनों बाद राजा नल ने दमयंती के गले में डोरा बंधा देखा तो पूछा कि इतने आभूषण होने के बाद भी तुमने यह डोरा क्यों बांध रखा है और यह कहते हुए राजा ने डोरा गले से खींचकर निकालकर फेंक दिया। रानी ने डोरा उठाते हुए कहा कि यह दशामाता का डोरा है, आपने उसका अपमान करके अच्छा नहीं किया।

### दशामाता एक बुढ़िया के रूप में आई

रात्रि में राजा के स्वप्न में दशामाता एक बुढ़िया के रूप में आई और राजा से कहा कि तेरी अच्छी दशा जा रही है और बुरी दशा आ रही है। तूने मेरा अपमान किया है। जैसे-जैसे दिन बीतते गए, धीरे-धीरे राजा के ठाठ-बाट, धन-धान्य, सुख-समृद्धि नष्ट होने लगे। दशा इतनी बुरी हो गई कि राजा को अपना राज्य छोड़कर दूसरे राज्य में भेष बदलकर काम मांगने जाना पड़ा। रास्ते में राजा को एक भील राजा का महल दिखाई दिया। वहां राजा ने अपने दोनों बच्चों को अमानत के तौर पर सुरक्षित छोड़ दिया और राजा-रानी आगे बढ़ गए। राजा के मित्र का गांव आया। वे मित्र के यहां गए तो उनका खूब आदर-सत्कार हुआ। मित्र ने अपने शयनकक्ष में सुलाया। उसी कमरे में मोर की आकृति की खूंटी पर मित्र की पत्नी का हीरों जड़ा कीमती हार टंगा था। मध्यरात्रि में रानी की नींद खुली तो देखा किया वह बेजान खूंटी हीर को निगल रही है। यह देख रानी ने तुरंत राजा को जगाकर दिखाया और दोनों ने विचार किया किया सुबह मित्र को क्या जवाब देंगे। अतः इसी समय यहां से चले जाना चाहिए। रानी-राजा रात में ही वहां से चले गए। सुबह मित्र की पत्नी को हार नहीं मिला तो उन्होंने राजा पर चोरी का आरोप लगाया। इस प्रकार राजा नल और रानी दमयंती के जीवन में अनेक कष्ट आते रहे।

एक दिन वन से गुजरते समय राजा नल को वही स्वप्न वाली बुढ़िया दिखाई दी तो वे उसके चरणों में गिरकर क्षमा मांगने लगे और बोले माई मुझसे भूल हुई क्षमा करो। मैं पत्नी सहित दशामाता का पूजन करूंगा। बुढ़िया ने उसे क्षमा करते हुए दशामाता का पूजन करने की विधि बताई। चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि आने पर राजा-रानी ने अपनी सामर्थ्य अनुसार दशामाता का पूजन किया और दशामाता का डोरा गले में बांधा। इससे उनकी दशा सुधरी और राजा को पुनः अपना राज्य मिल गया।



धर्म

पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

### दशा माता व्रत के नियम

दशामाता का व्रत जीवन में जब तक शरीर साथ दे, तब तक किया जाता है और इसका उद्यापन नहीं होता है। दशा माता की पूजा पीपल के पेड़ की छाँव में करना शुभ माना जाता है। घर में इस व्रत के दिन विशेष रूप से साफ-सफाई की जाती है और अनावश्यक अटाला, कचरा, टूटा-फूटा सामान बाहर फेंक दें। साथ ही सफाई से जुड़े समान यानी झाड़ू आदि खरीदने की परंपरा है।

इस दिन घर का पैसा खर्च नहीं करना चाहिए। दशामाता पूजा के पूरे दिन बाजार से कोई वस्तु ना खरीदें। यथासंभव जरूरत की वस्तुएं एक दिन पूर्व ही खरीदकर रख लें। दशामाता पूजन के दिन किसी को पैसा उधार भी ना दें। इस दिन अपने घर की कोई वस्तु भी किसी को नहीं देना चाहिए और ना ही किसी से कोई वस्तु या पैसा मांगना चाहिए।

दशामाता व्रत करने वाली महिलाएं दिन भर में मात्र एक बार अन्न का सेवन करती हैं। इस व्रत में नमक का सेवन नहीं किया जाता है। मान्यता है कि दशामाता व्रत को विधि-विधान, सच्चे मन, भक्ति भाव से करने पर, एक साल के भीतर जीवन से जुड़े दुःख और समस्याएं दूर हो जाती हैं।

### दशा माता का डोरा कब खोलते हैं?

दशा माता का डोरा साल भर गले में पहना जाता है। लेकिन यदि दशा माता का डोरा साल भर नहीं पहन सकते हैं तो वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष में किसी अच्छे दिन खोलकर रखा जा सकता है। उस दिन व्रत करना चाहिए।

इतना भी नहीं पहनना चाहें तो जिस दिन पहनते हैं उसी दिन डोरे को रात के समय उतार कर पूजा के स्थान पर रख दें और अगले वर्ष पूजा के बाद पीपल की जड़ में दबा दें।

सुबह स्नान आदि से निवृत होकर व्रत का संकल्प लेते हैं ।

इस व्रत मे दशा माता की मूरत या चित्र की पूजा की जाती है। मूर्ति/चित्र नहीं हो तो नागरबेल के पान के पत्ते (पूजा में काम आने वाला डंडी और नोक वाला पत्ता) पर चन्दन से दशा माता बनाकर पूजा की जा सकती है।

यह पूजा भगवान विष्णु के स्वरूप पीपल के पेड़ के पास या घर पर कर सकते हैं।

दशा माता के पास कुंकुम, काजल और मेहंदी की दस-दस बिंदी लगाते हैं। भोग के रूप में नैवेद्य लापसी, चावल आदि चढ़ाया जाता है और सूत का धागा बांधकर सुख सौभाग्य व मंगल की कामना करते हुए पीपल के पेड़ की परिक्रमा की जाती है। पीपल को चुनरी ओढ़ाई जाती है।

दस दस गेहूँ की दस ढ़ेरी पास में सजाई जाती है। लडडू, हलवे, लापसी या मीठे रोठ आदि का भोग दस ढेरियों के पास रखा जाता है। दस गाँठों का डोरा पूजा में रखा जाता है।

दशा माता और दस गाँठ वाले डोरे का पूजन अक्षत, पुष्प आदि से करते हैं।

धूप दीप जलाते हैं। पिछले साल का डोरा भी पास में रखते हैं।

इसके पश्चात दशा माता की आरती गाई जाती है।

इसके बाद नल दमयंती वाली दशा माता की कथा कहते और सुनते हैं। कहानी पीपल के पेड़ की पूजा के बाद भी कही सुनी जा सकती है। कुछ लोग दस कहानियाँ सुनते हैं।

पूजा करने और कथा सुनने के बाद महिलाएं दशा माता का पूजित नया डोरे को गले में बांधती हैं। इस धागे को व्रती महिलाएं पूरे साल धारण करती हैं।

इसके बाद गेहूं, भोग और पुराना डोरा लेकर पीपल के पेड़ के पास जाते हैं। गेहूं और पिछले साल का डोरा पीपल की जड़ के पास मिट्टी में दबा दिया जाता है या पीपल में बांधा जात है। पीपल के वृक्ष की पूजा की जाती है।

कहीं कहीं दशा माता के पूजन के बाद पथवारी पूजन भी किया जाता है।

पीपल के पेड़ की थोड़ी सी छाल खुरच कर गेहूं के दानों के साथ घर लाते हैं। इसे साफ कपड़े में लपेट कर तिजोरी या अलमारी में रखते हैं। पीपल की छाल को धन का प्रतीक माना जाता है। माना जाता है की पीपल की छाल इस प्रकार घर में रखने से सुख समृद्धि बनी रहती है। व्रत के सकल्प की पूर्ति के रूप में दस पूरियां, दस सिक्के और दस चम्मच हलवा ब्राह्मणी या घर की बुजुर्ग महिला के पैर छूकर उन्हें दिया जाता है।

दशामाता की पूजा विधिपूर्वक करने से माता की कृपा सदैव बनी रहती है। घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है।

राशि अनुसार पूजन मे इन वस्त्रो का करे उपयोग दशामाता का पूजन होगा फलदायक

**मेष, वृश्चिक = गुलाबी या सिन्दूरी रंग के वस्त्र पहनें।**
**वृषभ, कर्क = आसमानी रंग के वस्त्र पहनें।**
**मिथुन, कन्या = लहरिया रंग के वस्त्र पहनें।**
**सिंह = लाल रंग के वस्त्र पहनें।**
**धनु, मीन = पीला रंग के वस्त्र पहनें।**
**तुला = सफेद एवं पीला रंग के वस्त्र पहनें।**
**मकर, कुंभ = हरा व नीला रंग के वस्त्र पहनें।**

**16 मार्च 2023= क्या कहती है आपकी राशि, पढ़ें शुक्रवार का राशिफल (12 राशियों के लिए)**

**मेष राशि**

**आज का भविष्य =** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें। लाभ होगा।

**उपाय = बुजुर्गों की सेवा करें।**
**शुभ अंक = 07**
**शुभ रंग = महरून**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य =** एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी। विवाद से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। काम में मन नहीं लगेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी। जोखिम न लें।

**उपाय = सूर्य को अर्घ्य दें।**
**शुभ अंक = 02**
**शुभ रंग = गहरा लाल**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य =** विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**उपाय = गाय को स्नान कराएं और गुड़ खिलाएं।**
**शुभ अंक = 07**
**शुभ रंग = महरून**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य =** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें।

**उपाय = हनुमान चालीसा का पाठ करें।**
**शुभ अंक = 04**
**शुभ रंग = नीला**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य =** कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। किसी व्यक्ति के काम की जवाबदारी न लें। स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी।

**उपाय = राम रक्षा स्तोत्र का पाठ करें।**
**शुभ अंक = 01**
**शुभ रंग = गुलाबी**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य =** घर के छोटे सदस्यों संबंधी चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**उपाय - शनिदेव को तेल अर्पित करें।**
**शुभ अंक -09**
**शुभ रंग - काला**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य -** नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ?य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा।

**उपाय = मां लक्ष्मी को खीर का भोग अर्पित करें।**
**शुभ अंक = 05**
**शुभ रंग = हरा**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य =** वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**उपाय = मां चामुंडा की पूजा करें।**
**शुभ अंक = 11**
**शुभ रंग = लाल**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य =** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है। भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें।

**उपाय = पीपल के नीचे तेल का दीया जलाएं।**
**शुभ अंक = 03**
**शुभ रंग = महरून**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य =** कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**उपाय = भगवान राम को नारियल का भोग अर्पित करें।**
**शुभ अंक = 05**
**शुभ रंग = स्लेटी**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य =** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनहानि हो सकती है। सावधानी आवश्यक है। थकान महसूस होगी।

**उपाय = चमेली का तेल दान करें।**
**शुभ अंक = 04**
**शुभ रंग = भूरा**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य =** फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा। जोखिम न लें।

**उपाय = गणेश जी का ध्यान करें।**
**शुभ अंक = 03**
**शुभ रंग = नीला**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# लेख-जी-20 देशों की अध्यक्षता के बाद भारत की वैश्विक ताकत में इजाफा



संजीव ठाकुर

भारत अब 1947 के बाद स्वतंत्र हुए भारत जैसा नहीं है अब भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है, अब भारत विश्व की पांचवी आर्थिक शक्ति बन चुका है ,अब भारत एक सशक्त सामरिक ताकत बन चुका है द्य सितंबर में जी-20 देशों की महत्वपूर्ण बैठक में रूस के शक्तिशाली राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आने की संभावना बढ़ गई है उनके आने से निसंदेह भारत का कद बढ़ेगा और भारत की विदेश नीति में भी नए आयामों के जुड़ने की संभावना बढ़ जाएगी द्य भारत के विश्व के अनेक महत्वपूर्ण देशों के साथ व्यापारिक सामरिक एवं आर्थिक रिश्ते काफी मजबूत हुए हैंद्य भारतीय गणराज्य की जो स्थिति स्वतंत्रता के बाद 1947 में थी, वैसी स्थिति तथा परिस्थिति ना तो 20 वीं सदी में थी, और ना ही आज ही है। वैसे भी किसी देश की विदेश नीति उसके राष्ट्रीय हितों के अनुरूप दूसरे अन्य देशों के साथ आर्थिक राजनीतिक सामाजिक तथा सैनिक संबंधों के पालन में की जाने वाली नीति का संपूर्ण समावेश होती है।समय-समय पर अंतरराष्ट्रीय स्थिति एवं परिस्थिति के अनुरूप हर देश अपनी विदेश नीति में परिवर्तन भी करते जाते हैं। स्वतंत्रता के बाद जवाहरलाल नेहरू बहुत ही महत्वपूर्ण विदेश नीति के प्रेरणा स्रोत थेद्य उन्हें विदेश नीति का सूत्रधार माना जाता है। प्रधानमंत्री के साथ साथ उन्होंने विदेश मंत्री की भूमिका भी निभाई थी। जवाहरलाल जी की मृत्यु के बाद लाल बहादुर शास्त्री प्रधानमंत्री बने उन्होंने विदेश के कार्यों के लिए एक अलग मंत्री रखा भारत के प्रथम विदेश मंत्री डॉ स्वर्ण सिंह बने। 14 माह के कार्यकाल में लाल बहादुर शास्त्री ने विदेश नीति के महत्व को समझते हुए यथार्थवादी नीति का परिपालन किया।इस दौरान भारत के संबंध दक्षिण एशियाई देशों से काफी घनिष्ठ हुए तथा सोवियत संग रूस भारत के मित्र राष्ट्र के रूप में तेजी से अस्तित्व में आया। 1965 में पाकिस्तान ने जब भारत पर आक्रमण किया, तो लाल बहादुर शास्त्री के नेतृत्व में भारत ने उसका मुंह तोड़ जवाब देकर उसे परास्त किया,और उसे भारत के सामने घुटने टेकने पड़े ।रूस की मध्यस्थता में ताशकंद समझौता हुआ,जिसमें भारत द्वारा जीती हुई जमीन को पाकिस्तान को वापस किया,और ताशकंद समझौते के दौरान लाल बहादुर शास्त्री की रहस्यमय तरीके से मृत्यु हुई। उनके बाद श्रीमती इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री बनी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को ध्यान में रखकर विदेश नीति में बहुत बदलाव किए। महत्वपूर्ण प्रधानमंत्रियों में डॉक्टर मनमोहन सिंह नई आर्थिक नीति को आमूलचूल परिवर्तन किया एवं विदेशों में अपनी धाक जमाई ।उनके कार्यकाल में अनेक सैन्य समझौते भी हुए एवं वैश्विक स्तर पर भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा। 2014 में भारतीय जनता पार्टी सरकार बनी और प्रधानमंत्री बने उन्होंने तत्काल जापान की यात्रा कर अनेक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए इसके तुरंत बाद वे अमेरिका की यात्रा पर गए एवं व्यापार निवेश आर्थिक सहयोग सामरिक मामलों में सैन्य समझौते भी किए। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ के मित्रता का हाथ बढ़ा कर अनेक समझौतों को मूर्त रूप दिया

। उन्होंने ÷एक्ट ईस्ट पॉलिसी÷ को अपनाकर लगभग 40 देशों की यात्रा कर 2014 से 17 तक विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन किए, चीन जापान दक्षिण एशिया के देश अरब देश और भी तमाम देशों में यात्रा कर अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग समझौते किए गए। भारत में उनके नेतृत्व में 2020 तक पड़ोसी देशों क्षेत्रीय संगठनों के मध्य मजबूत पहचान बनाई, वर्तमान में भारत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता होने के कारण विश्व शांति शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। भारत की विदेश नीति के चलते भारत के ही अधिकारी को इंटरनेशनल कोर्ट आफ जस्टिस का जज बनाया गया। 2018 में भारत को ऑस्ट्रेलिया ग्रुप का सदस्य बनाया गया जो एक बड़ी सफलता इसी तरह भारत और ईरान के सहयोग से ईरान में चाबहार बंदरगाह का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण कदम था। जिससे सेंट्रल एशिया तथा मध्य एशिया में भारत के संबंध प्रगाढ़ होंगे, भारत वर्तमान में अमेरिका जैसी महाशक्ति के साथ कूटनीति तथा विदेश नीति के तहत मित्रवत व्यवहार में आ गया है। एवं विश्व के सभी देशों के साथ समन्वय पूर्वक संबंध स्थापित कर चुका है। इस तरह भारत अपनी विदेश नीति के तहत अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मधुर संबंध बना कर, हमारे दो परंपरागत दुश्मन पड़ोसी देश वैश्विक राजनीति में अलग-थलग कर दिया। और अंतरराष्ट्रीय स्थिति में भारत एक मजबूत राष्ट्र बन के कई देशों के मध्य मध्यस्था भी कर चुका है। ऐसे में भारत को कोई भी देश वैश्विक महाशक्ति बनने एवं आत्मनिर्भर भारत बनने से रोक नहीं सकता। करोना के महासंक्रमण काल में भारत ने दवाइयों तथा वेक्सीन की मदद कर वैश्विक मानव सुरक्षा की नीव रख एक बड़ा मददगार देश बन गया है।

# निजी संस्था द्वारा निगम के डैम से पानी लिए जाने की वजह से क्या जल्दी खत्म हो रहा है डैम का पानी?

**– सामाजिक कार्यकर्ता चौहान ने महापौर जनसुनवाई में दिया आवेदन**



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षिप्रा बैराज (डेम) के संधारण पर खर्च हो रही राशि को निजी संस्था से लिए जाने, पानी की दर कम करने एवं बिल माफी का संकल्प पारित किए जाने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ललीत चौहान ने बुधवार को नगर निगम में आयोजित महापौर जनसनुवाई में गीता दुर्गेश अग्रवाल को आवेदन सौंपा।

चौहान ने अपने आवेदन में बताया कि शहर की जनता के पानी की सुविधा के लिए नगर पालिका निगम देवास द्वारा निर्मित क्षिप्रा नदी पर क्षिप्रा बेराज/डेम का उपयोग निजि संस्था देवास वाटर प्रोजेक्ट कर रही है, वह भी निःशुल्क। जिससे निगम को भारी आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है। वही राज्य शासन ने देवास वाटर प्रोजेक्ट को क्षिप्रा बेराज/डेम के उपयोग की निःशुल्क अनुमति दी है, जिसकी वजह से वर्षा काल में डेम में जो पानी संग्रहित होता है वह निजि संस्था के द्वारा पानी लेने की वजह से डेम का पानी जल्द खत्म हो जाता है, इसकी वजह से निगम देवास को नर्मदा विकास संभाग से पानी की डिमांड (मांग) जल्दी करना पड़ती है। जिसके कारण निगम पर आर्थिक बौज पड़ रहा है। निगम देवास ने वर्ष 2023 में जनवरी माह से ही पानी की मांग करना शुरू कर दी थी। नर्मदा विकास संभाग से जिसका जनवरी माह का बिल तकरीबन 70 लाख के आसपास का बिल निगम देवास को दिया गया है, वहीं फरवरी माह का बिल करोड़ों में दिया गया मात्र दो माह का बिल ही तकरीबन 3 करोड़ बिल ही नर्मदा विकास संभाग से निगम देवास को दिया गया। यह चिंता का विषय है कि जिस निगम को उपभोक्ताओं से जलकर राशि राजस्व के रूप में सालाना प्राप्त होती है। वह मात्र तकरीबन 7.5 करोड़ रूपये ही है जो कि पिछले साल प्राप्त हुदे थी। ऐसे में करोड़ो का पानी खरीदना निगम के हित मे नहीं है, जबकि वर्षाकालिन क्षिप्रा बेराज/डेम में जो पानी संग्रहित होता है वह अधिक समय तक चलता है, लेकिन निजि संस्था के द्वारा डेम से पानी लेने की वजह से यह पानी शायद दिसंबर आखिर में ही खत्म होने लगता है, जबकि यह पानी तकरिबन अप्रैल-मई तक चलना चाहिए। निगम देवास को यहां दौहरी आर्थिक मार पड़ रही है। एक तो पानी जल्दी खरीदना पड़ रहा है, वहीं क्षिप्रा बेराज के डेम के संधारण पर भी निगम की अच्छी खासी मोटी रकम खर्च होती है। अभी वर्तमान में निगम देवास के उपर नर्मदा विकास संभाग का 4 सौ 96 करोड़ रूपये से अधिक का पानी बिल बकाया है एवं निगम देवास की जो दर तय की गई है पानी की रू. 22.60 प्रति हजार लीटर दर वह भी ज्यादा है, दर कम कराने जोकि मात्र 20 पैसे प्रति हजार लीटर होना चाहिए।

आवेदक चौहान ने जनसुनवाई में महापौर से मांग की है कि क्षिप्रा बैराज (डेम) के संधारण पर जो राशि खर्च हो रही है वह निजी संस्था से ली जाकर पानी के दर कम करने एवं पानी के बिल माफी की मांग महापौर एवं नगर सरकार के समस्त जनप्रतिनिधियों से की। साथ ही तत्काल राज्य शासन को भेजने हेतु एमआईसी एवं परिषद से संकल्प पारित कराकर राज्य शासन को भेजने की मांग भी की। जिससे की निगम की आर्थिक हालत ठीक होगी। साथ ही आय के नए स्त्रोत भी प्राप्त होगे।

# प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक एवं दीक्षा कल्याणक दिवस का आयोजन





**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भगवान आदिनाथ का जीवन हमें कर्तव्य पालन की प्रेरणा देता है उन्होंने स्वयं का कल्याण तो किया ही मानव को सभ्यता संस्कार एवं संस्कृति की भी पहचान कराई समस्त कलाओं का ज्ञान कराया ब्राह्मी लिपि भी उन्हीं की देन है।

मनुष्य के 16 संस्कारों में विवाह भी एक संस्कार है जिसकी शुरुआत भगवान आदिनाथ के काल से हुई उन्हें ज्ञात था कि उनकी मुक्ति निश्चित है क्योंकि वह प्रथम तीर्थंकर थे फिर भी उन्होंने लोक कल्याण का कार्य कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया इसीलिए तीर्थंकर परमात्मा के जन्मदिन को जन्म कल्याणक कहा जाता है

उक्त प्रवचन साध्वी श्री शुद्धि प्रसन्ना श्रीजी महाराज साहब ने प्रथम तीर्थंकर श्री आदेश्वर भगवान के जन्म कल्याणक एवं दीक्षा कल्याणक दिवस के उपलक्ष में आयोजित धर्म सभा में कहे।

इस के पुर्व श्रीभौयरा वाला आदेश्वर जैन मंदिर से एक विशाल रथ यात्रा प्रारंभ हुई रथ यात्रा में चांदी जी की वेदी में श्री आदेश्वर भगवान की प्रतिमा विराजित थी वैदि जी को आकर्षक फूलों से सजाया गया था तथा प्रतिमा की सुंदर अंग रचना की गई थी आसपास चवर ढुलाते हुए एवं भोयरा वाला की जय जयकार करते हुए श्रावक श्राविकाएं चल रहे थे पुरुष वर्ग सफेद परिधान में तो महिलाएं केशिरिया परिधान में नृत्य करते हुए चल रहे थे रथ यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह चावल एवं श्रीफल से रथयात्रा का गहुली कर स्वागत किया गया ।नगर भ्रमण पश्चात रथयात्रा पुनः बड़े मंदिर पहुंची जहां आरती के पश्चात रथ यात्रा का समापन हुआ

श्री आदेश्वर भगवान के जन्म कल्याणक एवं दीक्षा कल्याणक के अवसर पर प्रातः 6ः00 बड़े मंदिर में शस्त्रव अभिषेक प्रारंभ हुआ इसके पश्चात केसर पूजन एवं चंदन पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया एवं मूलनायक श्री ऋषभदेव भगवान की प्रतिमा की आकर्षक अंग रचना की गई अंत मे साधर्मीकवातसल्य का आयोजन किया गया।

# वार्ड 40 के प्रमुख मार्गो पर नालियों का निर्माण कार्य प्रारंभ



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहरभर में विधायक गायत्री राजे पवार एवं महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के अथक प्रयासों से विकास कार्य किए जा रहे है। जिसके अंतर्गत बुधवार को वार्ड क्रमांक 40 में नालियों का निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। स्वास्थ समिति नगर निगम अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय पार्षद धर्मेन्द्र सिंह बैस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 40 में विभिन्न गलियों में लगभग 9 लाख रुपए की लागत से 9 नालियों का निर्माण कार्य का शुभारंभ बुधवार को हुआ। नालियों के निर्माण से वार्ड की जनता को बारीश के साथ गंदगी से निजात मिलेगी। उक्त कार्य के निर्माण से शहरवासियों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर नयन कानूनगो, संजू जाधव, विकास जैन, जगदीश चौधरी, अजित पवार साहब आदि उपस्थित थे।

# बांस की खेती एवं उत्पाद के संबंध में कलेक्टर श्री गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**देवास के बांस के फर्नीचर देश विदेश में लोकप्रिय**



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास जिले में ''एक जिला एक उत्पाद'' में बांस का चयन किया गया है। जिले में बांस की खेती एवं उत्पाद के संबंध में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सिंह चौहान, सहायक कलेक्टर श्री टी. प्रतीक राव, नगर निगम आयुक्त श्री विशाल सिंह चौहान, डॉ ऐके भट्याचार्य, श्री देवोपम मुखर्जी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि बांस की खेती के लिए जिले में ब्लॉक स्तर पर 10 सदस्यीय दल का गठन किया जाये। बांस के बनने वाले उत्पादों की ट्रेनिंग भी करवाये। दल किसानों को बांस की खेती से होने वाले अतिरिक्त लाभ की जानकारी अभियान चलाकर दे। किसानों को बांस की खेती के लिए प्रोत्साहित करें। स्व सहायता समूहो को भी शामिल करें। वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग बांस के पौधे किसानों को खेती के लिए उपलब्ध करायें। किसान अपने खेतों में कम से कम 200 पौधे बांस के लगाये। नाबार्ड किसानों को ऋण उपलब्ध कराने की योजना बनाये।

बैठक में डॉ ऐके भट्याचार्य ने बांस की खेती एवं बांस से बने उत्पादों के संबंध में प्रजेंटेशन दिया। देवास के बांस के फर्नीचर देश विदेश में लोकप्रिय है। बांस के क्राफ्ट एवं ट्रडिशनल खिलोने एवं घर की सजावट का सामान बनाया जाता है। लिविंग रूम फर्नीचर, शयनकक्ष, फर्नीचर भोजन कक्ष फर्नीचर, बाथरूम फर्नीचर, रसोई उत्पाद, फ्लैश दरवाजे, पैनल दरवाजे, बांस का घर बन रहे है। बांस से जैव ईंधन, इथेनाल, कपडे सौंदर्य प्रसाधन भी बनाये जा रहे है। डॉ भट्याचार्य ने बताया कि आपदा के समय अन्य फसल खराब हो जाने का डर रहता है, किन्तु बांस की फसल किसी भी मौसम में खराब नहीं होती है। बांस की फसल कम खर्चे में कर सकते है। बांस तीन मीटर की दूरी पर लगाये जिससे बांस की खेती के साथ आप अन्य फसल भी लगा सकते है। बांस की फसल से किसानों को लम्बी अवधि तक निरन्तर लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि खेतों और अन्य स्थानों पर सीमेंट के पोल से फेंसिंग के स्थान पर बांस को फेंसिंग कम खर्चे में कर सकते है। किसान भाई एक हेक्टेयर में 625 पौधे लगा सकते है, किसान भाई सरकारी नर्सरी से बांस के पौधे क्रय कर सकते है। बांस की फसल का रख रखाव भी कम होता है, बांस से पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं है। इन किसानों को कम खर्चे और कम देख रेख में बांस की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। बांस की खेती किसानों के लिए लाभ दायक है। बांस काष्ट का एक बेहतर विकल्प है। बांस की व्यापक अंतराष्ट्रीय बाजार और लगातार मांग बढ रही है। बांस की खेती कई तरह के रोजगार सृजित करने में सहायक है। बांस की खेती में रोपण पर एक ही बार खर्च होता है। मौसम की मार से बेअसर इसलिए नुकसान की गुंजाइश ना के बराबर है। बांस की खेती में बीमारियों की भी गुंजाईश नहीं और न ही किसी विशेष उर्वरक की जरूरत है। किसी अन्य फसल की तुलना में अधिकतम आय मिलती है। पर्यावरण के लिए लाभकारी, हरियाली बढाने और तापमान संतुलित करने में सहायक है। बांस की खेती जल संरक्षण और मृदा संरक्षण के लिए विशेष लाभकारी है।

**केंद्रों पर लगे ताले नारी ने दिखाई अपनी शक्ति**

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के हड़ताल पर रहने के कारण कई केंद्रों पर लगे ताले



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला बाल विकास विभाग धार जिले के समस्त परियोजना अधिकारी प्रवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ने सामुहिक अवकाश लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल पर हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ के हड़ताल पर होने के कारण कई जगह पर आंगनवाड़ी केंद्र के ताले तक नहीं खुले । वही बच्चे बाहर कुछ देर बैठे हैं और चले गए। हड़ताल का असर दिखाई दे रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका ओं द्वारा एक स्थान पर एकत्रित होकर आगे की रणनीति बनाई गई। संघ के सरक्षक बि, आर, चौहान,के नेतृत्व में परियोजना अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष श कमल सिंह निगवाल,परवेक्षक संघ कि जिला अध्यक्ष श्रीमती राखी देवड़ा,आ,का,राज श्री जाट,अनीता गर्ग सहायिका संघ कि जिला अध्यक्ष श्रीमती रानी जायसवाल के संयुक्त आह्वान पर जिले के प,अ,परवेक्ष आ,का, सहायिका मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ओ द्वारा आन्दोलन जारी है । जानकारी संघ कि जिला अध्यक्ष श्रीमती राखी देवड़ा एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती रानी जायसवाल द्वारा दी गई है।

# विकासखंड स्तरीय रस्सा कसी प्रतीतोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने लिया हिस्सा

**महिलाओ को खेल से जुडने् के लिए प्रेरित करते हुए देश की सफल महिलाओ के बारे में दी जानकारी**



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकास खंड स्तरीय रस्सा कसी प्रतीतोगिता का आयोजन 15 मार्च को क्षिप्रा नदी घाट पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय बेडमिंटन खिलाडी मीना राव थी। अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी हेमंत सुवीर ने की।। विशेष अतिथि के रूप् में डॉ. सुभाष भार्गव, नीलिमा परमार थी। संचालन सलीम शेख सर ने किया। अतिथि उदबोधन में मीना राव ने महिलाओ को खेल से जुडने् के लिए प्रेरित करते हुए सफल महिलाओ के बारे में बताया। साथ ही स्वयं के बारे में अपनी खेल उपलब्धियां बताई। कार्यक्रम अध्यक्ष खेल विभाग से हेमंत सुवीर ने कहा की सभी महिलाओ को अपने रोज के कार्य में प्रातः खेल व व्यायाम के लिए अपने आप को आधा घंटा जरूर दे। जिससे पुरा परिवार आप से प्रेरित होकर खेलो की ओर आएगा। खेलो के प्रति सभी को जागरूक करे। विशेष अतिथि नीलिमा परमार ने महिलाओ को योग ओर खेलो से जुडने् का कहा। साथ ही महिलाओ को उनकी बीमारी की जानकारी दी। कई बीमारियों के इलाज ओर सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। कुं. अर्चना ने महिलाओं को स्वास्थ लाभ की योजनाओं से भी अवगत कराया। ब्लाक सन्वयक यूनुस खान में ग्रीष्मकालीन खेल ओर योग शिविर मई माह से लगाने की बात कही। इसके बाद रस्साकसी प्रतियोगिता सलीम शेख सर, यूनुस खान और राजेश बराना ने कराई। जिसमे विजेता टीम मुस्कान भोजक, हंसा पटेल, रेखा निकिता प्रजापत, बबिता प्रजापत, साधना जोशी रही।

# 14 -24 मार्च तक चलने वाले बूथ विस्तारक अभियान मे पहुचे युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनी

**बूथ विस्तारक अभियान 2 का किया शूभारंभ**



**भोरासा निप्र/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज भारतीय जनता पार्टी नगर भोरासा में शक्ति केंद्र क्रमांक 1 के तीनों बुथौ के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की एक अनिवार्य मीटिंग युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष राजेश लोधी के निवास पर संपन्न हुई जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम सोनी द्वारा आगामी समय में बुथ विस्तारक की योजना के बारे में पूरी जानकारी दी गई एवं आगामी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जिताने का संकल्प दिलवाया गया उनके साथ मंडल के महामंत्री संजय यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, छोटेलाल लोधी, सचिन यादव, पूर्व कोषाध्यक्ष मनीष चिचानी, सोनकच्छ मंडल के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील चावडा, जिला कार्यसमिति सदस्य राहुल मुंदड़ा, विनायक माली, मुरारी लोधी, यश सोनी एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री संदीप पटेल ने किया व आभार मंडल उपाध्यक्ष मौसम माली ने माना।

# क्षेत्रिय पाटीदार समाज का चुनाव संपन्न, सुरेश पाटीदार अध्यक्ष नियुक्त



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** क्षेत्रीय पाटीदार समाज के निर्वाचन बुधवार को रतलाम जिले के गांव धोलका में मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो. प्रकाश पाटीदार, मन्नालाल पाटीदार, गणपत पाटीदार, प्रकाश पाटीदार, सत्यनारायण पाटीदार और मोहनलाल पाटीदार ने संपन्न करवाया। जिसमे सर्वसम्मती से रतलाम जिले के ही सिमलावादा गांव के सफल समाजसेवी और व्यावसायी सुरेश पाटीदार आदर्श को तीन जिलों (धार, रतलाम, झाबुआ) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अध्यक्ष कि घोषणा होते ही उपस्थित समाज जनो ने नवनियुक्त का साफा और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया । युवा चेहरा होने से समाज को एक नया मुकाम हासिल होगा । इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष ने बताया कि समाज में जो त्रुटीया व्याप्त है उनको दूर करना, ओर गरीब वर्ग की हर संभव सहायता प्रदान करना साथ ही समाज में शिक्षा के स्तर को बढ़ाना , संगठन को मजबूत करना ओर आज जो बच्चो में संस्कार की कमी हो रही है उसको दूर करना मुख्य उद्देश्य रहेगा।

# स्वच्छता की पाठशाला-कार्यशाला का भव्य आयोजन




**भौरासा निप्र/दैनिक मालव हेराल्ड।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर परिषद भौरासा को कचरा मुक्त शहर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सफाई मित्रों की क्षमता वर्धन के लिए एक कार्यशाला का आयोजन नगर के वार्ड क्रमांक 3, नगर परिषद कार्यालय प्रांगण में किया गया कार्यशाला का प्रारंभ नगर परिषद के अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा,स्वच्छता,ब्रांड एंबेसडर आराम सिंग ठाकुर पूर्व मण्डल अध्यक्ष ,ब्रांड एंबेसडर बाबूलाल डोडिया पूर्व नगर परिषद् अध्यक्ष,डॉ.मोरसिंग नागर, स्वच्छता नोडल अधिकारी मनोज झंवर एवं अतिथि गण द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला में सफाई मित्रो की भूमिका के बारे में बताया गया एवं सफाई मित्रों हेतु शासन की योजनाओं की जानकारी वीडियो में माध्यम से भी दी गई।सफाई मित्रो के व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं महिला सफाई मित्रों की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु चर्चा का सत्र रखा गया तत्पश्चात सभी सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.मोडसिंग नागर ,डॉ. गौरव वर्मा द्वारा किया गया । स्वच्छता,ब्रांड एंबेसडर आराम सिंह ठाकुर पूर्व मण्डल अध्यक्ष ,ब्रांड एंबेसडर बाबूलाल डोडिया पूर्व नगर परिषद् अध्यक्ष , द्वारा बेहतर प्रदर्शन के लिए सफाई मित्रों को पुष्पमाला और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नगर परिषद भौरासा के सफाई दरोगा जमील खां द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि हमें सामूहिक प्रयासों के द्वारा भौरासा को स्वच्छता में प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाना है जिसमें महत्वपूर्ण भूमिका सफाई मित्रों की होगी अध्यक्ष महोदय ने कहा कि ÷हमारा प्रयास है कि हम अधिक से अधिक शासन की योजनाओं से सफाई मित्रों को लाभान्वित करेंगे।÷

कार्यशाला को स्वच्छता नोडल अधिकारी मनोज झंवर द्वारा भी संबोधित किया गया। उन्होंने सफाई मित्रों का आह्वान करते हुए कहा कि ÷हम सब मिलकर भौरासा को स्वच्छ रखने का कार्य करेंगे और मिलकर भौंरासा को नंबर 1 बनायेगे। कार्यशाला में समस्त सफाई मित्रो का प्रशिक्षण सहयोगी संस्था विजयप्रभा फाउंडेशन के नीरज कल्याणे, सपन यादव एवम स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर मनोज शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जमील खा़ के द्वारा किया गया एवम समापन पर आभार मनोज झंवर (इंजीनयर ) के द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यशाला का आयोजन जीरो वेस्ट इवेंट के मापदंडों के आधार पर किया गया।

# "स्वच्छता की पाठशाला" सफाई मित्रों की क्षमता वर्धन कार्यशाला एवं स्वास्थ्य प्ररिक्षण का आयोजन






**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर परिषद बदनावर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अन्तर्गत ''स्वच्छता की पाठशाला'' सफाई मित्रों की क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन दिंनाक 15 मार्च 2023 को किया गया। जिसके अन्तर्गत सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परिक्षण एवं सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही जीरो वेस्ट इवेंट का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना शेखर यादव द्वारा सफाई मित्रो को स्वच्छता की शपथ दिलाई व सफाई मित्रो के आवश्यक सुरक्षा उपकरण प्रदान किये गये तथा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण मे प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु कर्तव्य के प्रति इमानदारी से कार्य करने का आहान किया गया। कार्यक्रम मे सफाई मित्रो ने अपनी समस्याओ से अवगत कराया। जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष एंव मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा तत्काल निराकरण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम मे विधायक प्रतिनिधि श्री राजेन्द्र सराफ द्वारा सफाई मित्रो के स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं उनके मुलभूत सुविधा दिलाने की मांग गई। इस कार्यक्रम मे नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री राजेन्द्रसिंह पंवार फुन्दा बापु, पार्षद श्रीमती झन्नूबाई शांतीलाल सिर्वी, श्रीमती भागवंता शंकरलाल राव, श्री महिपालसिंह पंवार, श्री जगदीश पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि श्री साजिद खान, श्री चेतन नागल, स्वास्थ्य विभाग से डा. रतनसिंह भाटी, डा. ओमप्रकाष पाटीदार, डा. नरेन्द्र गठवाल, डा. लोहित डोरिया, ए.एन.एम विभाग से मिनाक्षी जोशी, निलोफर कुरेशी, आशा कार्यकर्ता, आई.ई.सी विशेषज्ञ श्री अंकित कानूनगो, एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी सारंग पौराणिक, स्वच्छता प्रभारी धर्मेन्द्र मकवाना, स्वच्छता पर्यवेक्षक भरत उँटवाल, नगर परिषद सफाई मित्र कर्मचारी, एवं आई.ई.सी टीम उपस्थित रहे। आभार मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री मनोज कुमार मोर्य ने माना।

# मौसम के मिजाज को भी देखकर करनी पड़ सकती है अतिरिक्त तैयारी

**24 मार्च से शुरू होने वाली है पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण›› तैयारी को लेकर दिन-रात एक कर रहे है शरदसिंह सिसौदिया**




**बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अचानक बदल रहे मौसम के मिजाज चिंता की लकीर उत्पन्न हो गई है। 24 मार्च से पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण का आयोजन कोटेश्वर में होने जा रहा है। जिसकी व्यापक तैयारी कथा आयोजक शरदसिंह सिसौदिया द्वारा की जा रही है। आयोजन को लेकर सिसौदिया पिछले 8 माह से लगे हुवे है। कार्यक्रम स्थल पर भी श्रोताओं के लिए व्यापक इंतजाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। 40 से अधिक कैमरे सुरक्षा की दृष्टि से स्थापित हो रहे है। परन्तु मार्च माह में मौसम में हुवे बदलाव से कुछ परेशानी उतपन्न होना स्वाभाविक है। हलाकि पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनने एवं भगवान भोलेनाथ की आस्था वाले श्रद्धालु को कोई फर्क नहीं पड़ता की मौसम कैसा रहे। पहली बार बदनावर क्षेत्र मे होने वाली इस शिव महापुराण को लेकर सभी में बड़ी जिज्ञासा एवं खुशी की लहार है। पंडित मिश्रा द्वारा कथा के दौरान बताये गए उपाय से लोगो को बड़ी आस रहती है आस्था रकने वाले एवं कई लोगो को उपाय से फायदा पंहुचा है।

होने वाली शिव महापुराण कोस लेकर राजनैतिक प्रतिस्पर्धा भूलकर हर वर्ग के लोग शरद सिंह सिसौदिया द्वारा बैठकों मे सम्मलित हो रहे है जो आयोजन को सफल बनाने हेतु पर्याय है। हजारो सेवादारों के पास बन रहे है जो निःशुल्क कथा स्थल पर विभन्न समितियों में सम्मलित होकर सेवा देने को तैयार है। प्रसाशन द्वारा भी अपने स्तर से आयोजन को लेकर सतर्क है।

# शिवराज सरकार ने किसान सम्मान निधि ट्रांसफॉर्म योजना फिर से लागू की

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कुछ दिनों की बनी हुई कमलनाथ सरकार द्वारा किसानों के साथ शोषण किया गया था जिसमें किसान के महत्वपूर्ण भूमिका जुड़ी हुई किसान अनुदान निधि से लगने वाले बिजली ट्रांसफर को बंद कर दिया गया था इसे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह जी चौधरी और प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह जी राजपूत के बार-बार इस योजना को शिवराज सिंह चौहान जी को अवगत करा कर किसान सम्मान निधि ट्रांसफॉर्म योजना फिर से लागू की गई है जिन किसानों के खेत पर पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है उसको देखते हुए फिर से इस योजना का प्रारंभ किया गया है योजना लागू होने के बाद किसानों में हर्ष उल्लास का माहौल देखा गया है उसके लिए धार जिला किसान मोर्चा की ओर से प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान की सरकार को धार जिला किसान मोर्चा की ओर से हार्दिक हार्दिक शुभकामना एवं अभिनंदन आने वाले 2023 में पूरी ताकत से किसान मोर्चा की ओर से भारतीय जनता पार्टी के लिए बूथ तक पूरा प्रयास करेगा प्रदेश में किसान मोर्चा पहली बार बूथ स्तर तक समिति का गठन कर चुका है इसके लिए किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह जी चौधरी और प्रदेश के उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह जी राजपूत का बहुत-बहुत आभार जिन्होंने हमारा बूत सबसे मजबूत के अभियान को किसान मोर्चा के माध्यम से सफल बनाया है किसान अनुदान योजना को लागू करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद इस अवसर पर जिले के मंत्री गजेंद्र सिंह डोडिया ने बताया कि यह गेहूं की फसल का पर्याप्त भाव मिले इसके लिए उन्होंने प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह जी से बातचीत की और उन्होंने आश्वासन दिया है की मध्य प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी की शिवराज सिंह चौहान की सरकार किसान हितेषी सरकार है उनसे बातचीत करके जल्द से जल्द इसका निराकरण करके किसानों को अपनी फसल का उचित दाम मिलेगा।

किसानों के लिए ट्रांसफॉर्म योजना एक वरदान के रूप में पुनः साबित हुई है इसको लेकर क्षेत्र के किसानों में बड़ा हर्षोल्लास का माहौल है इस योजना को लेकर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र जी जाट जिला मंत्री गजेंद्र सिंह डोडिया जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल हितेंद्र राजपुरोहित राजेश जी वर्मा रतन पाटीदार एवं जिले के वरिष्ठ तथा किसानों ने शिवराज सिंह चौहान सरकार का आभार माना है।

## कह मुकरी

जब भी आए मन को हरसाए।
तनमन वो शीतल कर। जाए।।
नाम सुन मनवा लगे नाचन।
का सखि साजन न सखी सावन।।
श्याम रंग से गगन में छाए।
उमड़ घुमड़ कर शोर मचाए।।
यहां वहा बरसे लाकर जल।
का सखि साजन न सखी बादल।।
बच्चों सा नाच शोर मचाए।
उल्टे सीधे करतब दिखाए।।
पंख फैलाए बोले कर जोर।
का सखि साजन ना सखी मोर।।

**-मनोहर सिंह चौहान मधुकर**

## अन्नदाता

सन्नाटे को चीर कर निकलता झिंगुरो का स्वर।
खेत की मेड़ पर बैठा अकेला किसान निडर।।
बड़प्पन के भाव नही हैं, जीवन में है सादापन।
माटीपूत हल जोतकर उपजाता है सोनाकण।।

हर एक के निवाले का कुशल प्रबंधक है वह।
फिर भी उचित दाम का लाचार बंधक है वह।।
महंगाई से मर मर कर भी प्यार देश से करता है।
हरपल करता मजदूरी पर नहीं किसी से डरता है।।

वह जगत का जादूगर रंगीन बनाता परिवेश को।
वह कठोर कर का सारथी संगीन बनाता देश को।।
अपने हिस्से का टुकड़ा भी परोपकार में दे देता।
भारत मां पर मगर कभी आंच नहीं आने देता।।

ऊंचे महल में बैठ ज्ञान का घमंड करने वालों।
उसके मेहनत की रोटी का उपभोग करने वालों।।
साहूकार के पेढ़ी की जब कलम ठगने लगती है।
डबडबाई आंखे तब इतिहास बदलने लगती है।।

**-मनोज बाबू, झूंठा (पाली)**

## गजल

मेरे दिल की दरों दीवार पर तस्वीर अपनी सजा गए।
कुछ कहते न बना इश्क में बशर इतना मजबूर बना गए।।

अब शकून से नही रात ही कटती नहीं दिन गुजरता है।
मेरी इन आंखों को वो बेदर्दी सिर्फ जगना सीखा गए।।

नही गम नहीं फिकर थी कुछ सोते थे बड़े चैन से हम।
शांत मनझील में फेंक इश्क का पत्थर हलचल मचा गए।।

दिखाए ख्वाब तो उनकी ताबीर भी हमको दिखा जाते।
नही लौटकर आएनही दिलवर कुछअपना पता बता गए।।

जान कहा लेकर हाथ में हाथ फिर यूं छोड़ भूल जाना।
नासमझ थी महोब्बत यारी नासमझ थे हम जाता गए।।

खेची थी हमने उन संग हसरतों की एक बड़ी लाईन।
खता न मालूम क्या थी जो खुद हाथ से अपने मिटा गए।।

कर के बाते प्यार की वो हमसे मनहर दूर चला गया।
जिंदगी की जंग हम जीतते वो हमको पहले हरा गए।।

**-मनोहर सिंह चौहान मधुकर**

## मेरी बेटी मेरा अरमान

देखकर अपनी परछाई हम दंग रह गए ,
हमें होश ही नहीं रहा कब मदहोश हो गए ,
झुमकर रखने लगे अपने कदम आसमां पर,
अपनी ही मस्ती में हम ऐसे खो गए,
तभी चांद ठहाका लगाकर हंसने लगा,
और हम से पूछने लगा क्यों इतने खुश हो गए,
यह कौन है जो तेरे संग है ,
हमने कहा हमारी परछाई है,
अब वह सब इससे पूरे करूंगी ,
जो अरमान पूरे नहीं हुए ।
मुझे मैं भी पंखे थे,पर उडना तो क्या
फडफडा भी न पाइ,
लडकि थीं लडकि का फर्ज निभाया,
अपने मन की कुछ भी न कर पाई ।
ये भी लडकि हैं।अब मैं युग बदलु गी,
इसके पंख अपनी पलको मे रखुगी।
जब ये फडफडाये गे तो अपने होसलो का बल दुगी,
मैं भी एक इतिहास रचुगी।
जो भी देखेगा यही कहेगा,
ये तो माँ की परछाई हैं ।
सभी उसे देखकर हो जायेगे दंग,
कहेंगे माँ से भीआगे है एक कदम,
यही तो माँ का सच्चा दम्भ ।

**-श्रीमती रश्मि सुरेंद्र श्रीमाली , सिहाड़ा**

## शीतला मां की आरती

जय शीतला माता, जय शीतला माता।
जो जन तुम्हे ध्याता, मन आनंद पा जाता।।

तुम शक्ति अवतार, दुख दरिद्र नाशीनी।
मां शिव प्रिया हो, तुम हो गर्दभ वाहनी।।

हाथ घड़ा नीम सोहे, ओर झाडू कटोरा।
ठंडा भोग धरे जो, करे मां पूजन तोरा।।

ब्रह्म यज्ञ से प्रगटी, छः देव देवी संग।
ज्वर हैजा चेचक भगा, सबे करती दंग।।

लच्छा नरियल कंकू, मेंहदी दही बढ़े।
थूल्ली ढोकला ध्वजा, मंदिर ऊपरी चढ़े।।

नाम मां का लेते, सब दुख पल में टले।
हरिम शीतलाए, कहे सुख आन मिले।।

मां को प्यारी स्वच्छता, सबको रखे निरोग।
मनहर मां की शरण पढ़े खुश रहते लोग।।

**-मनोहर सिंह चौहान मधुकर**



## नज़र नहीं आते

नज़र में रहते हो पर नज़र नहीं आते
आँखे बंद करू तो तुम ही तुम नज़र आते
मुझको ये पता नही पर तुम क्यों आते,
रात दिन तुम मुझको क्यों इतना सताते
उठते बैठते हर जगह तुम ही तुम दीखते
सोते जागते हर समय तुम ही बतियाते
चलते फिरते हर समय तुम ही साथ रहते
जब जब दर्पण देखू तुम ही तो नज़र आते
लिखू तो क्या लिखूं तुम ही तो कलम चलाते
सोते में तो ठीक ,जागते हुए भी तुम्हारे सपने आते
हे किशोरी , हे राधें बोलो न क्यों नही बताते
नज़र में रहते हो , नज़र नही आते फिर क्यों तरसाते
राधें फिर क्यों मुझ पर इतना प्यार बरसातें,
आँखे जब तक बंद रहती कितना प्यार जताते
सप्न लोक में ही रहने दो मुझे क्यों बार बार जगाते
नज़र में रहते हो पर नज़र नही आते
आँखे बंद करू तो राधें तुम ही नज़र आते

**-डॉ. संजय कुमार मालवी (आदर्श)**



## भावनानी के भाव

## पिता एक उम्मीद एक आस है

पिता परिवार की अग्रणी आस है
जिंदगी में पिता का ओहदा खास है
परिवार का खास प्यारा बॉस है
पिता एक उम्मीद एक आस है

जिसके पास पिता है
उसकी तकदीर बुलंद है
पिता ज़मीर पिता जागीर है
पिता ईश्वर अल्लाह का ही एक रूप है

पिता जिम्मेदारियों की गाड़ी से
लदा हुआ खास सारथी है
नींद लगे तो पेट पर सुलाने वाला
हमदर्द साया और बिछौना है

पिता हमारे सपनों को पूरा
करने वाली हमारी प्यारी जान है
जग में कहने को एक बात है
पिता मां और बच्चों की पहचान है

जो पिता का अपमान करते हैं
वह जीव घोर अन्यायी और पापी है
कंस दैत्य और रावण की कॉपी हैं
परंतु धन्य पिता उनके लबों पर हमेशा माफ़ी है

**- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

## उधमिता संस्कृति

यह युवा मन की,
एक उन्नत सोच है।
युवा पीढ़ी के मन में,
अब नहीं कोई लोच है।
नौकरी नहीं मिली तो,
क्यों हम हो रहें हैं परेशान यहां ?
जिंदगी में आगे बढ़ने में,
उधमिता संस्कृति के रंगों में सराबोर कर,
देगी एक पहचान यहां।
यह संस्कृति मजबूत इरादों से सना,
दिखला रहा अपनी एक पहचान है।
उधमिता की अनोखी शिक्षा,
सुन्दर अवसर की राह पर एक नया निशान है।
प्रगति और विकास यात्रा में,
उधमिता संस्कृति एक उन्नत व्यवहार है।
बेरोज़गारी दूर करने का,
सबसे खूबसूरत व सम्बल हथियार है।
यह तरक्की की सीढ़ियां,
चढ़ने का गुण सीखाता है।
बेरोजगार युवाओं को सदैव,
सदैव बुलंदी पर सफलतापूर्वक पहुंचाता है।
परिस्थितियों को देखते हुए,
पारम्परिक शिक्षा व्यवस्था में,
बदलाव लाने में आगे बढ़ते हुए,
नवोन्मेष तरीका अपनाया जाए।
उधमिता संस्कृति को जीवित मन से,
समावेशी संस्कार से सनी हुई व्यवस्था को लेकर,
जीवंत तरीके से तेज़ गति से,
मुश्किल सफ़र में आगे बढ़ाया जाए।
आज़ युवा मन में सुकून और खुशियां,
लाने के लिए यह प्रयोग और प्रयास,
बिल्कुल सही एवं उचित क़दम होगा।
उधमिता संस्कृति संग ,
क्रान्ति का बिगुल बजाने का निर्णय
सबसे मजबूत जोड़ यहां अहम् होगा।
हमेशा हुनर को तराशने की बातें,
करते हुए बढ़ने की जरूरत है।
युवा पीढ़ी को युवा सोच बनाकर रखने की,
आज़ सही रूप में बढ़ गई अहमियत है।
उधमिता की सात्विक शिक्षा एक,
अद्भुत व अनमोल वरदान है।
युवा पीढ़ी को यह पसंद आने पर,
युवा मन को दिया जाने वाला,
सर्वोत्तम संस्कार युक्त सम्मान है।
सरकारी नौकरी अब न उद्देश्य बनें,
बदलाव की संस्कृति पर अब बात बनें।
आओ हम-सब मिलकर यहां,
उधमिता संस्कृति को अपनाएं।
युवा पीढ़ी को युवा मन की गहराई से,
अब ताकत के साथ ज़ोर देकर ,
उधमिता संस्कृति से अवगत कराएं।

**-डॉ. अशोक, पटना, बिहार।**

# (बाल कहानी) शिक्षक का धन

चार दोस्त थे। चारों पढ़ाई में मेधावी थे। डॉक्टर बन गया। दुसरा इंजीनियर बन गया। तिसरा व्यापारी बन गया। चौथा व्यक्ति शिक्षक बन गया क्योंकि वह परिस्थितियों के कारण आगे नहीं पढ़ सका।

ये चारों अपने-अपने क्षेत्र में आगे आए थे। जो इंजीनियर बना वह विदेश चला गया। व्यापारी ने अपने व्यापार का बहुत विस्तार किया और धन संचित किया। डॉक्टर ने एक बड़ा अस्पताल बनाया। खूब पैसा कमाया और सब अमीर हो गए।

शिक्षक ने अपनी नोकरी ईमानदारी से किया। कक्षा में दिल से पढ़ाया। छात्रों पर प्यार किया। ट्यूशन नहीं किया; लेकिन बच्चों को अच्छी शिक्षा दी। जो तनख्वाह मिलती थी उसी में संतोष से रहते थे। खाने-पीने की कोई कमी नहीं थी; लेकिन अपव्यय नहीं की। हालाँकि, शिक्षक खुद को अमीर मानते थे। उन्हें इस बात का कभी बुरा नहीं लगा कि उनके पास ज्यादा दौलत नहीं है।क्योंकि वह जीवन में जीवित चेतना के साथ सामंजस्य रखता था। वह अपने प्रिय शिष्य के मन में बैठा था। अब सेवानिवृत्ति की उम्र हो चुकी थी। इंजीनियर, व्यापारी और डॉक्टर को अपना सारा जीवन एक व्यस्त जीवन व्यतीत करना पड़ा था। उन सभी ने अपने व्यवसाय से छुट्टी ले ली और अपने खाली समय का आनंद लेने लगे। शिक्षक भी सेवानिवृत्त हो गए थे। अब चारों दोस्तों ने बार-बार मिलने का फैसला किया।

एक रविवार को चारों मिले। सब बहुत खुश थे। फिर एक-दूसरों की पूछताछ की, बच्चों की पूछताछ की। फिर इधर-उधर की बातें होती रहीं। इंजीनियर, डॉक्टर, बिजनेसमैन ने जीवन में क्या और कितना हासिल किया इसका हिसाब देना शुरू कर दिया।

जिस होटल में वे बातें करने के लिए इकट्ठे हुए थे, वह एक फाइव स्टार होटल था। फिर इंजीनियर धीरे से टीचर से पुछा...

क्या, तुमने घर बनाया है या नहीं? तनख्वाह कम मिलती होगी, इसलिए पुछा?

मेरे पास एक नहीं दस-पांच अच्छे घर हैं।वे सिर्फ इसी गांव में नहीं हैं, एक मुंबई में, एक चेन्नई में, एक विदेश में...

ओह, यह कैसे संभव है? तेरे पास इतना पैसा कैसे आया?

क्या तू एक शिक्षक होने के बावजूद साइड बिजनेस कर रहा था?

छे. छे. मैं ऐसा इसलिए कर पाया क्योंकि मैं एक शिक्षक था।

ऐसा कैसे हो सकता है? व्यापारी ने कहा।

मैं आपको बताता हूं, लेकिन आप मेरे बताए बिना जान जाएंगे।

हमें बिना बताए कैसे पता चलेगा?

अब तक वे बातें करते-करते खाना खा चुके थे।वेटर बिल लेकर आया। उस पर मुहर लगी थीभुगतान किया है। इंजीनियर हैरान रह गया। सभी हैरान हो उठे।

एक आदमी तेजी से काउंटर से आगे आया और टीचर के पैर छूते हुए बोला...

सर हमारे होटल में पहली बार आए हैं। कभी नहीं आते। मेरी किस्मत आज यहां सर आये। मैं उनका छात्र हूं।

शिक्षक भावविभोर हो गये। अन्य तिनों, इंजीनियर, व्यवसायी, डॉक्टर भी अभिभूत थे।

शिक्षक के पास कार नहीं थी; लेकिन बाकी तीनों अपनी कार लेकर आ गए थे। शिक्षक टैक्सी से जाने वाले थे। तीनों शिक्षक को टैक्सी स्टॉप पर छोड़ने गए। वे कुछ देर खड़े होकर बातें करते रहे। तो इतने में एक बढ़िया ए.सी. गाड़ी उनके सामने आकर रुकी। स्टीयरिंग व्हील पर बैठे रोबदार व्यक्ति ने पूछा,सर, चलिए आपको घर छोड़ देते हैं। वह उनका छात्र था।

तब शिक्षक ने अपने मित्रों से कहा, देखो, इस समय यह मेरी कार है। अब आप जान गये होंगे की, मेरे घर मतलब मेरे छात्रों के घर। मेरे छात्रों की कार मतलब मेरी कार ... क्या स्वामित्व की मोहर लगाना आवश्यक है? एक शिक्षक का धन ऐसा अगणित होता है।

**-मच्छिंद्र ऐनापुरे, सांगली (महाराष्ट्र)**



# रुद्राक्ष और स्वास्थ -जानते है -डॉ. सुमित्रा जी से

**सेलिब्रिटी वास्तु शास्त्री डॉ सुमित्रा अग्रवाल**
**सिटी प्रेसीडेंट इंटरनेशनल वास्तु अकादमी , कोलकाता**
**यूट्यूब वास्तु सुमित्रा**

रुद्राक्ष भारतीय संस्कृति का एक पवित्र पहलू है और इसमें धार्मिक पक्ष और चिकित्सा पक्ष दोनों ही है। रुद्राक्ष धारण करने से स्नायु पर गहरा प्रभाव पड़ता है। मुखियों की संख्या के आधार पर रुद्राक्ष कई प्रकार के होते हैं और उनकी सतह पर दरारें और खांचे होते हैं।

रुद्राक्ष कौन धारण कर सकता है

**एक मुखी रुद्राक्ष (एक मुखी)=**
यह मानसिक चिंता, टी.बी., पक्षाघात, स्ट्रोक, आंखों की समस्या, हड्डियों के दर्द, हृदय की समस्याओं, पुराने अस्थमा और सिर दर्द से लड़ने में मददगार पाया गया है।

**दो मुखी रुद्राक्ष (दो मुखी)=**
तनाव, चिंता, एकाग्रता की कमी, अवसाद, नकारात्मक सोच, नपुंसकता, गुर्दे की विफलता, आंखों की समस्याओं, हिस्टीरिया और आंतों के विकार में प्रभावी है ।

**तीन मुखी रुद्राक्ष (तीन मुखी)=**
रक्तचाप, बुखार या कमजोरी, पीलिया, डिप्रेशन, सिज़ोफ्रेनिया, ब्लड सर्कुलेशन, खांसी और दिमाग से जुड़ी बीमारी, अस्थमा, संकोच, याददाश्त कमजोर होना और सांस की पट्टी की समस्याकमजोरी बहुविध, मासिक धर्म चक्र का निर्देश / मासिक धर्म तनाव, फिक्सेशन या अपराध बोध प्रेरित परिसरों और मानसिक विकलांगता।

**पंच मुखी रुद्राक्ष (पांच मुखी)-=**
मोटापा, क्रोध प्रबंधन, मधुमेह, बवासीर, रक्तचाप, हृदय की समस्याएं, तनाव, मानसिक विकलांगता, न्यूरोटिक और कुसमायोजन की समस्याएं।

**छय मुखी रुद्राक्ष (छः मुखी)=**
मिर्गी और स्त्री रोग संबंधी समस्याओं से लड़ने में मदद करता है।

**सात मुखी रुद्राक्ष (सात मुखी)=**
नपुंसकता, पैरों से संबंधित रोग, अस्थमा, ग्रसनीशोथ और भ्रम।

**दस मुखी रुद्राक्ष (दस मुखी)=**
शरीर में हार्मोनल असमानता, मानसिक असुरक्षा और काली खांसी।

**ग्यारा मुखी रुद्राक्ष (ग्यारह मुखी)=**
पीठ दर्द, शरीर दर्द, पुरानी बीमारी और यकृत रोग।

**बरह मुखी रुद्राक्ष (बारह मुखी)=**
रिकेट्स, ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डी रोग, मानसिक विकलांगता और चिंता।

**तेरह मुखी रुद्राक्ष (तेरह मुखी)=**
मस्कुलर डिस्ट्रॉफी

चौदह मुखी रुद्राक्ष (चौदह मुखी)= मस्तिष्क संबंधी रोग।

**पन्द्रह मुखी रुद्राक्ष (पंद्रह मुखी)=**
चर्म रोग, बार-बार गर्भपात और मृत शिशु का जन्म।

**सोलह मुखी रुद्राक्ष (सोलह मुखी)=**
कुष्ठ रोग और फेफड़ों के रोग

**सतरह मुखी रुद्राक्ष (सत्रह मुखी)=**
स्मृति हानि और शरीर के कार्यात्मक विकार

**अठारह मुखी रुद्राक्ष (अठारह मुखी )=**
मानसिक संतुलन में शाहयक होता है।

**उनीस मुखी रुद्राक्ष (उन्नीस मुखी)=**
रक्त विकार और रीढ़ की हड्डी के विकार में लाभ दायक।

**गौरी शंकर / शिव और पार्वती=**
**यौन और व्यवहार संबंधी विकार के लिए बहुचर्चित ।**
**गणेश रुद्राक्ष / गर्भा - गौरी / पारवती और गणेशा- स्त्री रोग संबंधी विकार**
**त्रिजुटी /त्रिभाग**



# एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की आठवीं सालगिरह का जश्नः हास्य एवं आनंद का एक सफर





**एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' ने आठ साल और 2000 एपिसोड्स पूरे होने का जश्न मनाया- इस शो ने लाखों दर्शकों के दिलों को जीता है**




**जीएनएस।** एण्डटीवी के कल्ट-कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' के लिये यह दोगुने जश्न का अवसर है। इस शो ने 8 बेमिसाल साल और 2000 एपिसोड्स का उल्लेखनीय सफर पूरा किया है और यह हास्य एवं आनंद का एक अद्भुत सफर रहा है। यह कल्ट-कॉमेडी शो अपने मजेदार किरदारों एवं कहानियों से लगातार अपने दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और ये दो उपलब्धियां इस शो की बेइंतहां लोकप्रियता को साबित करती हैं। शो की कामयाबी पर एडिट।। प्रोडक्शन्स के संजय कोहली ने कहा, ''यह हम सभी के लिये एक गौरवान्वित करने वाला पल है, क्योंकि हमने आठ सफल वर्षों को पूरा करने और 2000 से ज्यादा एपिसोड्स प्रसारित करने की उपलब्धि हासिल की है। यह सफर बेहद संतोषजनक और आनंददायक रहा है। इस शो ने लाखों दर्शकों का दिल जीता है और टेलीविजन पर एक कल्ट-कॉमेडी शो का दर्जा हासिल किया है। यूं तो अपने बेमिसाल कॉमेडी कंटेंट के जरिये सभी की जिंदगी में मुस्कुराहट और आनंद भरने वाले शो के लिये, हर दिन एक सेलीब्रेशन है। लेकिन इस तरह के पल बेहद खास होते हैं, क्योंकि ये हमें बताते हैं कि हम अपने दर्शकों का मनोरंजन करते हुये एकदम सही चीजें कर रहे हैं। यह मस्ती एवं हास्य से भरा एक सफर रहा है। मैं बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं और इस कामयाबी का श्रेय एडिट।। प्रोडक्शन्स एवं एण्डटीवी के सभी कलाकारों एवं तकनीशियनों को देना चाहूंगा। मेरी तरफ से सभी लोगों को उनकी कड़ी मेहनत और कामयाबी के लिये ढेरों शुभकामनायें। मैं अपने दर्शकों का भी शुक्रिया अदा करना चाहूंगा, जिन्होंने हमें इतना प्यार एवं सपोर्ट दिया और हमें सराहा।''

आसिफ शेख ऊर्फ विभूति नारायण मिश्रा ने कहा, ''2000 एपिसोड्स और आठ लंबे सालों का सफर हम सभी के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। ढेर सारी सीखों, हास्य एवं आनंद से भरपूर इस अद्भुत सफर को देखकर हमें बेहद खुशी एवं गर्व हो रहा है। मुझे खुशी है कि मैं इस अद्भुत टीम का हिस्सा हूं और मैं प्रोड्यूसर्स एवं चैनल का आभारी हूं, जिन्होंने मुझे इस शो में काम करने और विभूति नारायण मिश्रा के रूप में दर्शकों का मनोरंजन करने का यह अवसर दिया। इन आठ सालों में मैंने जो भी मजेदार किरदार निभाये हैं, उन्हें दर्शकों ने काफी पसंद किया और ये किरदार उनके साथ जुड़ाव बनाने में कामयाब रहे। मेरा हर किरदार बेमिसाल रहा है और ये सभी दर्शकों के पसंदीदा किरदार रहे हैं। ढेर सारे अलग-अलग किरदारों को निभाना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो मुझे यह बहुत बड़ी उपलब्धि की तरह लगते हैं। हमने बहुत काम किया है और आगे ढेरों काम करने हैं। इस उपलब्धि के लिये टीम को बहुत-बहुत बधाई। दर्शकों ने हमें बहुत सारा प्यार और पहचान दी है। मैं खुशनसीब हूं कि 50 साल की उम्र में 30 साल के विभूति का किरदार निभा रहा हूं और इस शो के कलाकारों में शामिल हूं।'' शुभांगी अत्रे, जोकि अंगूरी भाबी की भूमिका अदा कर रही हैं, ने कहा, ''यह हम सभी के लिये एक बेहद खास पल है। इस शो ने मुझे पहचान, प्यार, प्रसिद्धि और ढेर सारी यादें दी हैं, जो हमेशा मेरे दिल में बसी रहेंगी। मैं खुद को बेहद खुशनसीब मानती हूं कि मैं भाबीजी टीम का हिस्सा हूं और मुझे इस पर गर्व है। यह पूरी टीम की लगन और कड़ी मेहनत का ही नतीजा है कि हम आज इस मुकाम पर हैं। हमारे प्रोड्यूसर्स, सभी कलाकारों एवं तकनीशियनों एवं प्रशसंकों व दर्शकों को ढेरों बधाईयां। मैं चैनल और हमारे प्रोड्यूसर्स संजय कोहली और बिनेफर कोहली की आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे यह मौका दिया। अंत में, मैं अपने प्यारे दर्शकों एवं प्रशंसकों का शुक्रिया अदा करना चाहूंगी, जिन्होंने इस शो को कामयाब बनाने के लिये अपना इतना प्यार एवं सपोर्ट दिया।''

रोहिताश्व गौड़ ऊर्फ मनमोहन तिवारी ने कहा, ''2000 एपिसोड्स और आठ सालों का लंबा सफर पूरा करने पर टीम के सभी सदस्यों को मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनायें। यह हम सभी के लिये एक बहुत बड़ी बात थी और हमने केक काटकर इस बेमिसाल अवसर का जश्न मनाया। मुझे इस शो से बहुत प्यार है और मेरे कॅरियर को आगे बढ़ाने एवं मुझे इतने बेहतरीन दर्शक देने में इस शो की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मनमोहन तिवारी का किरदार निभाते हुये मुझे काफी मजा आया और मुझे खुशी है कि मुझे स्क्रीन पर देखकर दर्शकों को भी उतना ही आनंद मिला। मैं अपने प्रोड्यूसर्स, सभी कलाकारों एवं तकनीशियनों को इस कामयाबी के लिये बधाई देता हूं। साथ ही मैं दर्शकों का भी शुक्रगुजार हूं, जिनका प्यार एवं सपोर्ट हमें लगातार मिल रहा है।'' अनीता भाबी का किरदार अदा कर रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''मुझे लोगों को हंसाना अच्छा लगता है और शो से मुझे अपने इस काम को बखूबी करने में मदद मिलती है। मेरे लिये यह तिगुने जश्न का मौका है। मैं पिछले साल ही 'भाबीजी घर पर हैं' का हिस्सा बनी हूं, लेकिन ऐसे लगता है कि मैं सालों से यह शो कर रही हूं। मुझे अनीता भाबी का मजबूत और आत्मनिर्भर किरदार निभाने में मजा आ रहा है और शो के 2000 एपिसोड्स एवं आठ सालों का सफर पूरा करने से ऐसा लग रहा है जैसे कि यह मेरी कोई व्यक्गित उपलब्धि है। इस उपलब्धि को हासिल करने पर सभी लोगों को ढेरों बधाईयां। आप सभी दर्शकों ने हमें इतना प्यार किया और हमारी प्रशंसा की, उसके लिये आप सभी का बहुत-बहुत शुक्रिया। हम पर ऐसे ही अपना प्यार बरसाते रहिये और देखते रहिये 'भाबीजी घर पर हैं।''

**देखते रहिये 'भाबीजी घर पर हैं', हर सोमवार से शुक्रवार, रात 10:30 बजे, सिर्फ एण्डटीवी पर!**


## टर्निंग पॉइंट प्रोडक्शंस ने प्रशंसित लेखक रॉब सिंक्लेयर की सबसे अधिक बिकने वाली एक्शन थ्रिलर 'स्लीपर 13' के रूपांतरण अधिकार प्राप्त किए

TURNING POiNT PRODUCTIONS LLP



**जीएनएस।** साकेत चौधरी, चेतन मोतीवाला और संजीव गुप्ता द्वारा संचालित, टर्निंग पॉइंट प्रोडक्शंस सबसे अधिक बिकने वाले प्रोजेक्ट को भारत में मल्टी-सीज़न सीरीज़ में रूपांतरित करने के लिए तैयार है

प्रशंसित डायरेक्टर साकेत चौधरी (हिंदी मीडियम फेम), प्रोड्यूसर्स चेतन मोतीवाला (वेलकम टू सज्जनपुर और एनीबडी कैन डांस 2) और संजीव गुप्ता (बेशरम) द्वारा संचालित एक नई प्रोडक्शन कंपनी, टर्निंग पॉइंट प्रोडक्शंस अपने पहले प्रोजेक्ट की घोषणा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने




प्रसिद्ध लेखक रॉब सिंक्लेयर की सबसे अधिक बिकने वाली बुक 'स्लीपर 13' के रूपांतरण अधिकार प्राप्त किए हैं।

'स्लीपर 13' टर्निंग पॉइंट प्रोडक्शंस का पहला प्रोजेक्ट है। कंपनी की योजना फिल्मों और सीरीज़ की एक स्लेट बनाने की है। यह सर्वश्रेष्ठ भारतीय व अंतर्राष्ट्रीय कहानियों को प्रदर्शित करने और उच्च गुणवत्ता वाला आकर्षक कॉन्टेंट बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो दर्शकों के अनुकूल हो।

सिंक्लेयर की 'स्लीपर' एक्शन से भरपूर और मनोरंजक थ्रिलर है, जिसे तेज-तर्रार एक्शन, जटिल कहानी और अद्भुत किरदारों के लिए खूब सराहना मिली है।

प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, फिल्म निर्माता साकेत चौधरी ने कहा, ÷हम दर्शकों के लिए 'स्लीपर 13' के विजुअल एक्सपीरियंस को जीवंत करने को लेकर उत्साहित हैं। नॉवेल में आकर्षक और उच्च गुणवत्ता वाले कॉन्टेंट के साथ ही जटिल किरदारों और रोमांचक कहानी का खूबसूरत मिश्रण है। हम दर्शकों के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय कहानी की पेशकश करने के लिए तत्पर हैं।

टर्निंग पॉइंट प्रोडक्शंस के साथ सहयोग करने और भारत में अपनी कहानी की पेशकश के बारे में बात करते हुए, लेखक रॉब सिंक्लेयर ने कहा, अपने सबसे अधिक बिक्री वाले नॉवेल स्लीपर 13 के भारतीय भाषा रूपांतरण के लिए स्क्रीन अधिकारों का एग्रीमेंट मेरे लिए हर्ष का विषय है। टीवी और फिल्म निर्माण क्षेत्र में भारत का मार्केट सतत रूप से बढ़ता रहा है और मेरे नॉवेल्स में से एक को इसमें रूपांतरण के लिए चुना गया है। मैं कहानी और मेरे किरदारों को भारतीय सेटिंग में रूपांतरित होता देखने के लिए बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूँ। मैं प्रशंसित प्रोड्यूसर और डायरेक्टर, चेतन मोतीवाला और साकेत चौधरी के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूँ। इन दोनों का भारत के कुछ सबसे बड़े अभिनेताओं के साथ काम करने वाला प्रशंसित और सफल प्रोडक्शंस का इतिहास रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि चेतन और साकेत के साथ निकट भविष्य में काम शुरू होगा।

इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए, निर्माता चेतन मोतीवाला ने कहा,हम लम्बे समय से रोमांचक कॉन्टेंट की तलाश कर रहे थे, जो रचनात्मक और सांस्कृतिक दोनों दृष्टिकोणों से अलग हो, और 'स्लीपर 13' हमारे प्रोजेक्ट की एक उत्कृष्ट शुरुआत है। हम रॉब के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। इस प्रोजेक्ट का प्रकाशन सिंक्लेयर और ओरियन कर रहे हैं। हम स्क्रीन पर सबसे अधिक बिकने वाले नॉवेल को जीवंत करने के लिए तत्पर हैं। निर्माता संजीव गुप्ता ने कहा, स्लीपर 13, एक रोमांचक और महत्वाकांक्षी रूपांतरण है, और हमारा मानना है कि यह मनोरंजक और रहस्यपूर्ण कॉन्टेंट को पसंद करने वाले दर्शकों को बहुत पसंद आएगा।

अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक अधिकारों को प्राप्त करने के बाद टर्निंग पॉइंट अब एक साहित्यिक सफर पर निकला है, जो न सिर्फ अनकहे रहस्यों को उजागर करने वाले किस्सों की पेशकश करेगा, बल्कि सीमाओं से परे सिनेमाई अनुभव प्रदान करेगा और दुनिया भर के दर्शकों के दिलों में विशेष जगह बनाएगा। अधिक जानकारी के लिए बने रहें टर्निंग पॉइंट के साथ।

### कांशीराम लो आ गया

लोकतंत्र का मतलब बतलाने,
भीमराव को पुनः जिलाने,
समानता का घूंट पिलाने,
वंचितों को अधिकार दिलाने,
मनुवाद का नींव हिलाने,
कांशीराम लो आ गया,
भारत भूमि में छा गया,
राजनैतिक सोच घर घर बढ़ाया,
मरती सोती कौम जगाया,
समरसता को ढोंग बताया,
अपने मत का मूल्य बताया,
बहुजनों को एक छत में लाया,
पे बैक की बात सिखाया,
दीना भाना को हक़ दिलाया,
सबके दिलों में समा गया,
कांशीराम लो आ गया,
चमचों पर खुलकर बात किया,
पाखंडों पर घात किया,
अडिग रहा धन्ना सेठों के आगे
कभी भी न उनका साथ लिया,
मनुवाद को जड़ से मिटाने
हर बहुजन का साथ दिया,
सत्ता चाहा बस बहुजन का,
साथ मिला उनको सर्वजन का,
संवैधानिक राज सीखा गया,
कांशीराम लो आ गया,
व्यवस्था परिवर्तन था उनका मिशन,
करते रहते थे लाख जतन,
हृदय में बस भारत वतन,
चुभता था जिनको शब्द हरिजन,
पंद्रह और पच्चासी का गणित
जन जन को सीखा गया,
देश के हर पीड़ित शोषित को
अम्बेडकरवाद पकड़ा गया,
कांशीराम लो आ गया,
कांशीराम लो आ गया।

- राजेन्द्र लाहिरी छ. ग.

### पतझड़ आने लगा है

*मुझसे ऐसी क्या ख़ता हुई,जो
तुम सारे रिश्ते-नाते तोड़ चली
झवो चौक-चौबारा वो चौपाटी
तंग गलियाँ भी तुम छोड़ चली
मेरा जी घबराने लगा है,लगता है
मेरे जीवन में पतझड़ आने लगा है।
वो शांत वादियाँ,विहगो का कुँजन
पपिहरे की पीहू,कोयल की कुहूकन
वो लहलहाते पीले सरसों के खेत
हमने जहाँ बनाये घरौंदा,वो नरम रेत
मुझे रह-रह सताने लगा है,लगता है
मेरे जीवन में पतझड़ आने लगा है।
वो पनघट,गागर वो नीम की छाँव
लताएँ जहाँ हम झूला करते थे,वो
कदम्ब का पेड़,हम दोनों की ठाँव
हम जहाँ अनायास मिला करते थे
अब मुझे तड़पाने लगा है,लगता है
मेरे जीवन में पतझड़ आने लगा है।
तेरा इठलाना,बलखाना,रूठना,मनाना
तेरा मुस्कुराना,यूँ हँसना और हँसाना
वादे वो कसमें जो साथ हमने खाये थे
मिलकर साथ जो सपने हमने सजाये थे
साथ बिताए पल,यादों में अब रुलाने लगा है
लगता है,मेरे जीवन में पतझड़ आने लगा है।*

**- महेन्द्र साहू खलारीवाला**

## रॉयल स्टैग बैरेल सलेक्ट लार्ज शॉर्ट फिल्म्स ने पेश किया शर्मन जोशी, निधि बिश्त और शैफाली ज़रीवाला अभिनीत "आउच 2", विवाहेतर संबंध की हास्यपूर्ण कहानी

**शीतल भाटिया द्वारा निर्मित और वैभव मूथा द्वारा लिखित एवं निर्देशित यह शॉर्ट फिल्म एक बदचलन का पर्दाफाश एक मजेदार संयोग द्वारा करती है**

**मुंबई।** रॉयल स्टैग बैरेल सलेक्ट लार्ज शॉर्ट फिल्म्स ने फ्राइडे स्टोरीटैलर्स के साथ गठबंधन में आज अपनी लेटेस्ट शॉर्ट फिल्म, आउच2 रिलीज़ की। वैभव मूथा द्वारा लिखित और निर्देशित और शीतल भाटिया द्वारा निर्मित 15 मिनट की यह शॉर्ट फिल्म एक बदचलन, सुदीप (शर्मन जोशी अभिनीत) का पर्दाफाश एक मजेदार संयोग द्वारा करती है। निधि बिश्त, जो उसकी पत्नी दीपू का किरदार निभा रही है, और शैफाली ज़रीवाला, जो उसकी गर्लफ्रेंड तान्या के किरदार में है, अभिनीत यह फिल्म खूबसूरत और मजेदार तरीके से दिखाती है कि एक आम विवाहेतर संबंध का अंत कैसे होता है।

मुंबई में देर रात की पृष्ठभूमि में फिल्माई गई शॉर्ट फिल्म, आउच 2 एक समय दो लोगों के साथ संबंध रखने के बारे में चेतावनी देती है। फिल्म की शुरुआत सुदीप और तान्या के बीच प्रेमालाप के साथ होती है। सुदीप तान्या को उसके घर तक छोड़ने आया है। तान्या को घर छोड़ने के बाद अपने घर की ओर जाते हुए सुदीप तान्या को फिर से कॉल करके उसके साथ प्रेमालाप करने लगता है, तभी बीच में उसकी पत्नी का फोन आ जाता है (जिसका नाम उसने मम्मी जी के नाम से सेव कर रखा है)। वह उससे फिर से लेट हो जाने को लेकर शिकायत करने लगती है। इस समय तान्या की कॉल होल्ड पर होती है और वह दूसरी कॉल पर अपनी पत्नी पर नाराज हो रहा होता है, तभी उसे फोन पर बात करते हुए देखकर एक पुलिसवाला रोक लेता है। जब तक सुदीप को पता चल पाता कि उसके फोन पर उसकी बीवी और गर्लफ्रेंड की कॉल्स कॉन्फ्रेंस कॉल में चली गई हैं, उससे पहले ही उसके विवाहेतर संबंध का खेल खत्म हो जाता है।




इस शॉर्ट फिल्म के बारे में शर्मन जोशी ने कहा, ''आउच 2 में केवल 15 मिनट में ही एक विवाहेतर संबंध को बहुत ही हास्यपूर्ण तरीके से दिखा दिया गया, जो अपनेआप में अद्भुत है। वैभव मूथा ने बहुत अच्छा काम किया है। रॉयल स्टैग बैरेल सलेक्ट लार्ज शॉर्ट फिल्म्स की हर फिल्म अपनेआप में अद्वितीय है, और मुझे खुशी है कि आउच 2 भी इसमें शामिल हो गई।''


अभिनेत्री निधि बिश्त ने कहा, ''शॉर्ट फिल्म हमेशा से मुझे आकर्षित करती रहीं, 15 से 20 मिनट में ही ये एक बेहतरीन कहानी कह देती हैं। मुझे इसकी स्क्रिप्ट बहुत पसंद आई और रॉयल स्टैग लार्ज शॉर्ट फिल्म्स इस तरह की बेहतरीन कहानियों की विशेषज्ञ है। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों इस शॉर्ट फिल्म को देखने में उतना ही मजा आएगा, जितना मजा हमें इसे बनाने में आया।''अभिनेत्री शैफाली ज़रीवाला ने कहा, ''रॉयल स्टैग बैरेल सलेक्ट लार्ज शॉर्ट फिल्म्स के लिए आउच 2 में काम करने में मुझे बहुत खुशी मिली। यह विवाहेतर संबंध का एक मनोरंजक पहलू है। कास्ट और क्रू ने यह फिल्म बनाने में काफी अच्छा काम किया। अब मैं इस पर लोगों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही हूँ।''

लेखक एवं डायरेक्टर, वैभव मूथा ने कहा, ''आउच 2 का संदर्भ नीरज पांडे की आउच से लिया गया, जो रॉयल स्टैग बैरेल सलेक्ट लार्ज शॉर्ट फिल्म्स द्वारा साल 2016 में रिलीज़ की गई। विवाहेतर संबंध और ऑफिस रोमांस की कहानियाँ आम हैं, लेकिन मुझे अपारंपरिक ट्विस्ट्स के साथ यह कहानी फिर ने बनाने की चुनौती में बहुत मजा आया। प्रतिभाशाली कलाकारों, शीतल भाटिया और फ्राइडे स्टोरीटैलर्स की बेहतरीन टीम के साथ आउच2 में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा था। हम इसे सरल, मजेदार और संक्षिप्त रखना चाहते थे। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह शॉर्ट फिल्म देखने में उतना ही मजा आएगा, जितना मजा हमें यह बनाने में आया।'' आउच 2 का प्रीमियर केवल रॉयल स्टैग बैरेल सलेक्ट के लार्ज शॉर्ट फिल्म्स यूट्यूब चैनल पर होगा, जो सबसे ओरिज़नल और प्रेरणाप्रद शॉर्ट फिल्मों का एक प्लेटफॉर्म है, जिनमें भारत के सर्वश्रेष्ठ कलाकार और डायरेक्टर काम करते हैं।''

### मेरा घर

*मेरा यह अपना घर है,
सबसे दिखता सुंदर है।
दादा दादी अम्मा व बाबूजी का,
खुबसूरत आशियाना है।
खुशियों का संसार छिपी है,
लगता बड़ा सुहाना है।
घर में खूब प्यार है मिलती,
दादा दादी जी के हैं हम द्वार।
बाग बगीचे में फूलों की दुनिया में,
मेरा घर लगता खूब गुलजार।
छोटी सी दुनिया का यह मेरा घर
मिलता असीमित खूब प्यार यहां।
मेरे घर के छत के मुहाने पर
गौरैया के झुण्ड का दिखता संसार यहां।
उन्मुक्त हृदय में खुद बैठकर,
चहलकदमी खूब दिखलातीं हैं।
हंसी ठिठोली करते-करते यहां,
मन में खुशियां भर जाती है।
कबूतरों की दुनियां में दिखता,
अद्भुत खुशनुमा रंग- संसार यहां।
छोटी- छोटी पक्षियों का संग,
घर को करतीं खूब गुलजार यहां।
मेरे घर में अम्मा और बाबूजी,
अपने सुन्दर घर की शोभा हैं।
बहन सुधा खूब नन्ही छोटी सी,
घर- आंगन की दिखती प्रभा है।*

**-डॉ. अशोक, पटना, बिहार।**



## वह मजबूत है और कैसेः मनीष पॉल ने कुब्रा सैत की ताकत और साहस की सराहना करते हुए उन्हें अपने पोडकास्ट पर होस्ट किया



**जीएनएस।** हाल ही में कुब्रा सैत ने अपने अनुभवों के आधार पर लिखी गई एक किताब में अपने जीवन के अंधेरे और अनकहे क़िस्सों का खुलासा किया, अपनी किताब के माध्यम से बहादुरी से अपने अनुभव बताने के लिए अभिनेत्री की सराहना करते हुए, मनीष पॉल ने अपने शो द मनीष पॉल पॉडकास्ट में अभिनेत्री की मेजबानी करते हुए उनकी ताकत और साहस की प्रशंसा की।

सत्रह साल की छोटी उम्र में अपने ही चाचा के हाथों भावनात्मक आघात और शारीरिक शोषण से पीड़ित होने के बाद, कुब्रा सैत ने आखिरकार अपने अनुभवों को अपनी किताब में साझा किया। अपनी यात्रा की अन्य अनकही कहानियों के साथ उसी पर चर्चा करते हुए एक हार्दिक बातचीत में शामिल होकर, कुब्रा सैत ने द मनीष पॉल पॉडकास्ट की शोभा बढ़ाई।

मनीष ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए टीज़र वीडियो में कुब्रा के चाचा द्वारा छेड़छाड़ की भयानक घटना को पढ़कर उनके रोंगटे खड़े होने का खुलासा किया। एपिसोड की झलक साझा करते हुए, मनीष पॉल ने कहा, और वह मजबूत है और कैसे !आप इस एपिसोड को मिस नहीं कर सकते!

जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के साथ अपनी गहरी बातचीत के लिए प्रसिद्ध, मनीष पॉल ने अपने शो द मनीष पॉल पॉडकास्ट के माध्यम से विभिन्न व्यक्तित्वों के अज्ञात पहलुओं को उजागर किया है।

इससे पहले, मनीष ने गोविंदा, अनु मलिक, राजपाल यादव, गुलशन ग्रोवर, गीता कपूर, प्राजक्ता कोली, भारती सिंह, कृष्णा अभिषेक सहित कई प्रतिष्ठित नामों को अपने शो में होस्ट किया है, बल्कि, पॉडकास्ट ने सालों से चल रही गोविंदा और उनके भांजे कृष्णा के बीच पुरानी अनबन को हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

काम की बात करे तो, मनीष पॉल जुगजग जीयो में अपने बहुचर्चित और प्रशंसित प्रदर्शन के लिए कई अवॉर्ड्स जीत रहे हैं और वर्तमान में एक दिलचस्प वेब शो के प्रमुख के रूप में अपने डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार हैं जो उन्हें एक नए अवतार में प्रस्तुत करता है।

### एक ग़ज़ल

*क्यों बढ़ा लूँ दुश्मनी, मतलब बता किससे लड़ूँ।
पाँव पड़ने लग गये सब,तब बता किससे लड़ूँ।।*

*रंग चढ़ता जा रहा हो रूप पर जब प्रेम का,
चाहता था हो चुका वह, अब बता किससे लड़ूँ।।*

*कौन बदला ले सका है आज तक माशूक़ से,
वो अदा हथियार उसकी जब बता किससे लड़ूँ।।*

*उलझनों में इस तरह उलझा हुआ हूँ दोस्तो,
एक पल फुरसत नहीं है कब बता किससे लड़ूँ।।*

*सामने यदि मौत होती तो भी कोई बात थी,
ज़िन्दगी ही सामने है अब बता किससे लड़ूँ।।*

*घूम आए पागलों के गाँव में भी चारसू,
जिसको देखो कर रहा करतब बता किससे लड़ूँ।।*

*सो रहा है भाग्य ज़िन्दा भूख को अवसर नहीं,
प्राण लम्बी उम्र है,
यारब बता किससे लड़ूँ।।*

*-गिरेन्द्रसिंह भदौरिया प्राण*

लेखा एवं कोष विभाग की टीम कर रही जांच

# केंद्रीय जेल परिसर में अनशन पर बैठे धोखाधड़ी का शिकार हुए प्रहरी

## जिला कोषालय ने उजागर किया था जीपीएस राशि में गबन का मामला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्रीय जेल भैरवगढ़ कर्मचारियों के जीपीएफ में हुए करोड़ों के गबन की 3 टीम जांच कर रही है। मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को धोखे का शिकार हुए जेल प्रहरी परिवार के साथ आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। करोड़ों के गबन की गूंज विधानसभा में भी सुनाई दी है।

10 मार्च को जिला कोषालय ने केंद्रीय जेल कर्मचारियों की जीपीएस राशि के गबन का मामला पकड़ा था। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जांच के आदेश दिए। 12 से 13 करोड़ का गबन होना सामने आ गया। उज्जैन से लेकर भोपाल तक हड़कंप मचा और जेल मुख्यालय की 5 सदस्यों की टीम जांच के लिए केंद्रीय जेल पहुंच गई। 2 दिनों से टीम द्वारा दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। जिला कोषालय में सो जेल कर्मियों की जीपीएफ राशि का गबन होना पाया है। जिसके बाद जेल कर्मियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों के खाते माइनस में जा चुके हैं जिसको लेकर बुधवार सुबह धोखाधड़ी का शिकार हुए जेल कर्मी सुरेंद्र मरमट आमरण अनशन पर बैठ गया उसका कहना था कि जेल अधीक्षक को पद से हटाया जाए और प्रकरण दर्ज किया जाए। उनकी आईडी से ही पूरा षड्यंत्र रचा गया है। जेल अधीक्षक की मौजूदगी से जांच प्रभावित होगी। सुरेंद्र को अनशन पर बैठा देख दूसरे जेल कर्मी भी समर्थन में जेल परिसर पहुंच गए थे और परिवार के साथ धरने पर बैठ गए। जेल मुख्यालय से जांच के लिए आए डीजीपी मंसाराम पटेल का कहना था कि अनशन पर बैठे कर्मचारी उनके ही है जिन्हें समझाने का प्रयास किया जाएगा।

### विधानसभा में गूंजा गबन का मामला

केंद्रीय जेल में कर्मचारियों के जीपीएफ गबन का मामला विधानसभा में गूंज उठा है। जिले की तराना तहसील के विधायक महेश परमार ने सदन का ध्यानाकर्षण कराया और पत्र लिखकर मांग करते हुए बताया कि गबन 1-2 कर्मचारियों के बूते की बात नहीं है। जेल अधीक्षक उषा राज पर भी कार्रवाई हो। अगर कार्रवाई नहीं की गई तो वह जेल परिसर के बाहर धरने पर बैठेंगे।

### लेखा एवं कोष टीम खंगाल रही दस्तावेज

जेल मुख्यालय से जांच के लिए 5 सदस्यों की टीम विभागीय जांच में लगी हुई है। कलेक्टर ने लेखा एवं कोष विभाग को भी जांच के लिए पत्र लिखा था। मंगलवार शाम लेखा एवं कोष विभाग के संयुक्त संचालक विश्वजीत झारिया 8 सदस्यों की टीम के साथ जांच के लिए उज्जैन पहुंच गए थे। जिला कोषालय में दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। संयुक्त संचालक झारिया का कहना था कि पूरी जांच में 2 दिन का समय लग सकता है। हर बिंदु पर निष्पक्ष जांच होगी। बक्शा किसी को नहीं जाएगा।

### पुलिस टीम भी कर रही पड़ताल

जिला कोषालय अधिकारी सुरेंद्र भाभर ने गड़बड़ी सामने आने के बाद भैरवगढ़ थाने पहुंचकर जेल लेखा विभाग के बाबू रिपु दमन के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। बाबू के खाते में दो जेल कर्मियों का 22 लाख रुपया ट्रांसफर हुआ था। मामला दर्ज होने के बाद एसपी सत्येंद्र कुमार शुक्ल ने भी जांच के लिए टीम गठित कर दी है। भैरवगढ़ थाना एसआई सत्यनारायण प्रजापत ने बैंक पहुंचकर बाबू रिपु दमन का खाता सीज करा दिया है। बाबू परिवार सहित फरार हो चुका है जिसकी तलाश जारी है।

### दो जेल कर्मियों के सामने आए नाम

जेल कर्मियों की जीपीएफ राशि तीन खातों में ट्रांसफर होना सामने आई थी। पुलिस और लेखा एवं कोष विभाग की जांच में दो जेल कर्मी धर्मेंद्र लोधी और शैलेंद्र सिकरवार के नाम भी सामने आए हैं। जिनके खाते में 50-50 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। पुलिस दोनों तक पहुंचती उससे पहले दोनों फरार हो चुके हैं। अब तक तीन खातों में 10 करोड़ का आय व्यय होना सामने आ चुका है।

# विधानसभा अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने मंत्री डॉ.यादव के निवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की







**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बुधवार को मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम, सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद भदौरिया, विधायक श्री राजेन्द्र शुक्ल, श्री संजय पाठक और श्री रमेश मेंदोला ने उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव के निवास स्थल पर पहुंचकर मंत्री डॉ.यादव की माताजी स्व.श्रीमती लीलाबाई पूनमचंद यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इनके द्वारा स्व.श्रीमती लीलाबाई यादव के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। साथ ही मंत्री डॉ.यादव के पिताजी श्री पूनमचंद यादव से भेंट की और उनका हालचाल जाना।

## कांग्रेस सेवादल का होली मिलन समारोह 17 मार्च को

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर व जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण, महिला व यंग सेवादल के तत्वावधान में होली मिलन समारोह 17 मार्च शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय उज्जैन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव द्वारा नियुक्त प्रभारी लक्ष्मीनारायण पाठक, संभागीय प्रभारी अरूण रोचवानी, उज्जैन शहर कांग्रेस अध्यक्ष रवि भदोरिया सहित वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए ग्रामीण जिला अध्यक्ष डा चैनसिह चौधरी व शहर अध्यक्ष मनीष गोमे ने बताया कि आयोजन हेतु कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। आयोजन के पश्चात संगठनात्मक गतिविधियों सहित आगामी विधानसभा चुनावों व हाथ से हाथ जोड़ों अभियान पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## जिला चिकित्सालय उज्जैन का ब्लड बैंक निरन्तर मरीजों को रक्त उपलब्ध करवाकर दे रहा नया जीवन




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला चिकित्सालय उज्जैन मे स्थित ब्लड बैंक युनिट लगातार 24 घंटे सेवाऍं प्रदान कर रही है मरीजों को निरन्तर रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। इस वर्ष मे वर्तमान माह 01 अप्रेल 2022 से फरवरी 2023 तक 6066 मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध करवाया गया है।

जिला उज्जैन मे दिनांक 01 अप्रेल 2022 से फरवरी 2023 तक 105 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया जहां से 7209 युनिट रक्त स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से एकत्रित किया गया। यह रक्त जिला चिकित्साल मे भर्ती गर्भवती माताओं, बच्चों, थैलेसिमिया से ग्रसित बच्चों, कैंसर, डायलेसिस, दुघर्टना मे घायल सहित अन्य जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क प्रदान किया जाता है, निःशुल्क सप्लाई की संख्या 6066 है।

प्रायवेट अस्पतालों में भर्ती मरीजों को रक्त ट्रान्सफ्यूजन हेतु शासन के नियमानुसार एक हजार 50 रुपये की अनुदान राशि के रूप मे रोगी कल्याण समिति जमा करवाई जाकर रक्त उपलब्ध कराया जाता है। 01 अप्रेल 2022 से फरवरी 2023 तक कुल 7192 मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया गया है।

रक्त को नाट टेस्ट के लिये ब्लड इन्दौर मेडिकल कॉलेज भेजा जाता है, जिसके द्वारा विंडो पीरियड में हेपेटाईटिस बी, हेपेटाईटिस सी और एच.आई.वी. का पता लगाया जा सकता है। माना गया है कि स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त अधिक सुरक्षित होता है। अतः स्वैच्छिक रक्तदान करने का आव्हान आमजन से किया गया है।

## राष्ट्रीय सरपंच संघ पदाधिकारियों की बैठक 16 मार्च को उज्जैन में

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय सरपंच संघ के समस्त मण्डल पदाधिकारी, तहसील पदाधिकारी, और जिला पदाधिकारियों की विशेष बैठक आज 16 मार्च गुरुवार को प्रातः 10:30 बजे उज्जैन नानाखेड़ा में ट्रेजर बाजार के नजदीक होटल तेरा मेरा साथ में रखी गई है। बैठक के मुख्य अतिथि राजवीर सिंह तोमर, संगठन प्रदेश महामंत्री तथा विशेष अतिथि बद्रीलाल बैरागी( रतलाम )होंगे। बैठक की अध्यक्षता सरपंच संघ जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा द्वारा की जायेगी । बैठक में सरपंचो को कार्य करने में आरही समस्त प्रकार की तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं के निराकरण और विकास तथा निर्माण हेतु सरपंचो को अधिक अधिक मद प्राप्त हो पर चिंतन विचार विमर्श उपरांत प्रस्ताव पारित किए जावेंगे ।

## गंभीर कुपोषित बच्चे का पूर्ण प्रबंधन कर कुपोषण से मुक्त किया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन शहर के शांतीनगर निवासी श्री गौरीशंकर एवं श्रीमती माधुरी का बेटा श्याम उम्र 11 माह जन्म से ही अत्यंत कमजोर था जिस कारण श्याम के माता-पिता परेशान रहते थे। श्याम को तेजबुखार एवं स्वास्थ्य खराब होने के कारण उसके माता-पिता उसे लेकर मातृ एवं शिशु चिकित्सालय चरक भवन उज्जैन आये जहां पर चिकित्सक द्वारा श्याम का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं बताया कि श्याम अत्यंत कमजोर है इसका वजन मात्र 4 किलो है, जो इसकी उम्र की तुलना मे सामान्य नही है, अर्थात यह कुपोषित है इसी कारण से इसकी सेहत मे सुधार नही हो रहा है इसलिये यह अक्सर बीमार रहता है यदि श्याम के कुपोषण का पुरा उपचार एवं पूर्ण प्रबंधन भर्ती रखकर किया जाता है तो श्याम को कुपोषण से मुक्त किया जा सकता है। श्याम के माता-पिता श्याम को अस्पताल मे भर्ती करने हेतु सहमत हो गये।

चिकित्सक द्वारा श्याम को पोषण पुनर्वास केन्द्र, चरक भवन मे भर्ती किया गया जहां पर श्याम की आवश्यक जांच करवाई एवं उपचार प्रारंभ किया। पोषण पुनर्वास केन्द्र मे श्याम को दो सप्ताह भर्ती रख आवश्यक उपचार एवं पोष्टिक आहार प्रदान किया गया एवं कुपोषण का पूर्ण प्रबंधन किया चिकित्सक डॉ.आयुषी चौहान व पोषण प्रशिक्षक श्रीमती सोनल ठाकुर एवं पोषण पुनर्वास केन्द्र मे कार्यरत स्टाफ द्वारा पुर्ण निगरानी की एवं उचित देखभाल की, जिसके फलस्वरूप श्याम कुपोषण से मुक्त हो का 14 दिन तक उचित उपचार एवं निरन्तर पोषण आहार मिलने एवं कुपोषण के पूर्ण प्रबंधन के कारण श्याम का वजन बड़कर 4 किलो 840 ग्राम हो गया स्वस्थ्य होने के पश्चात श्याम को डिस्चार्ज कर दिया गया।

पोषण पुनर्वास केन्द्र से डिस्चार्ज होने के बाद श्याम की माता को श्याम को निरन्तर पोषण आहार बनाकर खिलाने का प्रशिक्षण दिया गया डिस्चार्ज के बाद घर पर पोषण आहार प्रदान किया जा रहा है घर पर ही पोषण आहार मिलने से उसका वजन और भी बढ़ गया है जब श्याम फॉलोअप के लिये को अस्पताल आया था तो उसका वजन वजन 4 किलो 950 ग्राम था। अब श्याम सामान्य बच्चों की तरह जीवन जी रहा है श्याम के माता-पिता भी अब खुश है कि उनका बेटा कुपोषण से मुक्त हो सका। पोषण पुनर्वास केन्द्र मे भर्ती के दौरान श्याम को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवायें एवं पुर्ण उपचार उपलब्ध करवाया गया, डिस्चार्ज के समय श्याम के माता-पिता को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई।




# म.प्र. टूरिज्म बोर्ड के होमस्टे पंजीयन हेतु विशेष अभियान की शुरुआत

## जागरूकता हेतु कार्यशाला आयोजित ››पहले ही दिन 250 से ज्यादा लोगों ने दिखाई रूचि





**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा महाकाल की नगरी उज्जैन में होमस्टे योजना को लेकर विशेष अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के पहले दिन होमस्टे योजना संबंधित जागरूकता को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन एसडीएम उज्जैन शहर श्रीमती कल्याणी पांडे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि वैकल्पिक आमदनी के लिए होमस्टे योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों से उन्होंने कहा कि उज्जैन में महाकाल लोक के कारण आगंतुकों की संख्या काफी बढ़ गई है। इसको को देखते हुए होमस्टे जैसी व्यवस्था की आवश्यकता है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस दिशा में पहल करनी चाहिये। इससे स्थानीय संस्कृति से लोग रूबरू होंगे। हमारे अतिथि सत्कार की परंपरा से भी लोग जुड़ सकेंगे। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद उज्जैन के माध्यम से होमस्टे योजना से जोड़ने वाले सभी लोगों को मदद की जाएगी। साथ ही एमपी टूरिज्म बोर्ड की होमस्टे की टीम विशेषकर मदद के लिए तत्पर रहेगी।

उल्लेखनीय है कि तीन दिन के अभियान के तहत उज्जैन में होमस्टे को लेकर बेहतर प्रतिसाद मिला है। इसके तहत 260 लोगों ने पंजीयन करवाया। बुधवार को चार अलग-अलग सत्रों में होमस्टे योजना की बारीकियों से परिचित करवाया गया। साथ ही उसके लाभ और प्रेरकों को मिलने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद उज्जैन के नोडल अधिकारी अरुण शर्मा सहित जिला शहरी विकास अभिकरण के सहायक सामुदायिक विकास अधिकारी ओम प्रकाश बरुआ भी मौजूद रहे। इस मौके पर मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की ओर से होमस्टे योजना के सलाहकार प्रशांत छिरोलिया ने होमस्टे योजना की जानकारी और प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि होमस्टे योजना किस तरह से प्रासंगिक है और उससे किस तरह से उज्जैन के लोगों को लाभ मिल सकता है।

उल्लेखनीय है कि इस अभियान के तहत 16 और 17 मार्च को विशेष रूप से होमस्टे योजना के लिए 10 से 15 संभावित यूनिटी का निरीक्षण किया जाएगा। इस निरीक्षण के तहत जो आकलन सामने आएगा उसके अनुसार होमस्टे में परिवर्तित करने के लिए प्रक्रिया समझाए जाएगी।

## सार समाचार

### डेबिट कार्ड का क्लोन बनाकर 130 बार निकाले पैसे

#### स्टेशन मास्टर के साथ 1.79 लाख की धोखाधड़ी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रेलवे स्टेशन मास्टर के डेबिट कार्ड का क्लोन बनाकर 130 बार में 1.79 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच के बाद मंगलवार को धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। नीलगंगा टीआई तरुण कुरील ने बताया कि धंवतरी मार्ग आदित्यनगर में रहने वाले स्टेशन मास्टर सुनील पिता चंदेश्वर प्रसाद 52 वर्ष ने आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके खाते से 1.79 लाख रुपये 19 जनवरी से 24 जनवरी के बीच निकाल लिये गये है। उनके पास ना तो कोई कॉल आया, ना ही कोई मैसेज। उन्होने किसी को ओटीपी भी नहीं बताया था। टीआई के अनुसार मामले की जांच एसआई मनोहर बाडोदिया को सौंपी गई। एसआई जांच के लिये बैंक पहुंचे तो सामने आया कि किसी ने स्टेशन मास्टर के डेबिट कार्ड का क्लोन बनाकर फोन प्ले और फोन पे रिचार्ज के साथ ही विभिन्न प्रकार से 130 बार खाते से राशि का आहरण किया है। जांच में यह भी सामने आया कि गुगल पे के स्थान पर प्ले का उपयोग किया गया है। राशि का आहरण मुम्बई बैंगलोर में किया गया है। बैंक से गूगल प्ले और उक्त राशि आहरण के संबंध में जानकारी मांगी गई। जिसके आधार पर आरोपित का पता लगाया जाएगा। फिलहाल धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। बैंक से जानकारी मिलते एक टीम आरोपित की तलाश में रवाना की जाएगी।

### एक दिवसीय रोजगार मेला आज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरूवार 16 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय परिसर 153 महाश्वेता नगर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इस मेले में विभिन्न कंपनियों, नियोजकों द्वारा सर्विस एडवाइजर, सहायक टेक्नीशियन, इलेक्ट्रीशियन, डाटा इंट्री ऑपरेटर, सेल्स मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, इंश्योरेंस एडवाइजर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 8वी कक्षा उत्तीर्ण से लेकर स्नातक, आईटीआई समस्त ट्रेड के इच्छुक आवेदक पासपोर्ट साइज के फोटो व रोजगार पंजीयन शैक्षणिक योग्यता के सभी दस्तावेजों के साथ 16 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से 3 बजे के बीच रोजगार मेला स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं।

सफलता की कहानी-27

### जन-उपयोगी लोक अदालत में फसल बीमा के छः प्रकरणों में पांच लाख से अधिक की क्षतिपूर्ति दिलाई गई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आर.के. वाणी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/जिला न्यायाधीश श्री अरविंद कुमार जैन द्वारा जन-उपयोगी सेवाओं की लोक अदालत सेवाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बीमा सेवा, विद्युत समस्याएं, जल आपूर्ति, टेलीफोन या दूरभाष सेवा, बैंकिंग एवं वित्त सेवा आदि संबंधी जन उपयोगी सेवाओं से संबंधी प्रकरणों की सुनवाई की जाती है। इस संबंध में ग्रामीण कृषकों के फसल बीमा संबंधी छह प्रकरणें की सुनवाई करते हुए कृषकों को क्षतिपूर्ति बाबत पांच लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान ग्रामीण व पीड़ित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत दिलाया गया। इससे किसानों के चेहरे पर खुशी छा गई।

### हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेंटर पर ही प्राप्त हो रही स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हो रहे हैं ग्रामवासी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम रोहलखुर्द, उन्हेल, जिला उज्जैन निवासी श्रीमती हेमलता उम्र 42 वर्ष अपने ग्राम ही हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं से खुश है। हाई ब्लड प्रेशर व शुगर की समस्या से ग्रस्त श्रीमती हेमलता पहले प्रायवेट अस्पताल मे अपना उपचार करवाती थी जिस कारण उनको नियमित रूप से प्रायवेट अस्पताल मे चिकित्सक को दिखलाने की फीस व बाजार से नियमित रूप से दवाईया खरीदने से उनके परिवार पर आर्थिक भार अधिक रहता था। परन्तु ग्राम मे ही शासन द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेंस सेंटर खोले जाने से उनको ग्राम मे ही समय-समय पर ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच की सुविधा एवं नियमित रूप से दवाईयों की सुविधा निःशुल्क प्राप्त हो रही है, जिस कारण श्रीमती हेमलता बेहद खुह है कि उनका उपचार निःशुल्क हो रहा है अब उनके परिवार पर आर्थिक भार नही आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि पहले प्राथमिक स्तर पर संचालित उपस्वास्थ्य केन्द्र मॉ और बच्चें के स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाता था अब उसी स्वास्थ्य केन्द्र को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के तौर पर विकसित किया गया अब उपरोक्त स्वास्थ्य सेंटरों पर विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवायें प्राथमिक स्तर पर ही नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे की बीमारी का उपचार प्राथमिक स्तर पर प्रदान किया जा सके रोगियों को सभी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवायें प्राथमिक स्तर पर ही प्राप्त हो रही है अब उनको उच्च स्तरीय शासकीय अस्पतालों मे जाने आवश्यकता नही पड़ती है।

### मुख्यमंत्री ने आनंद विभाग के खाचरौद अल्पविराम प्रोग्राम की ट्वीट के माध्यम से प्रशंसा की

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एक छोटी-सी मुस्कुराहट जीवन के कई कठिनाइयों को दूर करती है। मुस्कुराहट की मौन भाषा को पशु-पक्षी, पेड़-पौधे भी महसूस करते हैं। मुस्कुराहट से अपने स्वयं के जीवन परिवार और समाज में कई परिवर्तन लाए जा सकते हैं। यह बात राज्य आनंद संस्थान के निर्देशानुसार विकासखंड खाचरौद में आयोजित एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम में उज्जैन राज्य आनंद संस्थान के जिला समन्वयक डॉ.प्रवीण जोशी ने कही। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खुश रहना ही जीवन है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खाचरौद अल्पविराम कार्यशाला की ट्वीट के माध्यम से प्रशंसा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार श्री दामोदर सुर्वे, श्री प्रदीप पाल सीईओ जनपद पंचायत खाचरौद के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। राष्टपति अलंकरण से सम्मानित स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास ने अपने गुदगुदाते, मुस्कुराते और मजेदार अंदाज में उपस्थित आनंदको को अल्पविराम का परिचय देते हुए तीन फैक्ट्री कुल फैक्ट्री, शुगर फैक्ट्री और सेटिस्फेक्ट्री को जीवन में उतारने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने अंदर की यात्रा ही आनंद की ओर पहला कदम है। मास्टर ट्रेनर सी.पी.जोशी ने आनंद के टूल्स को विस्तार से बताया और फ्रीडम गिलास व मानवीय मूल्यों पर अपनी प्रस्तुति दी साथ ही राजेश शर्मा आनंदम सहयोगी ने वहां उपस्थित सभी प्रतिभागियों को परिवर्तन की कहानी से अल्पविराम का महत्व बताया। खाचरौद के प्रमुख आनंदक श्री कमलेश बड़ोदिया और दिनेश आंजना ने आनंदमय प्रेरक गीत से समा बांध दिया। आभार जनपद खाचरौद के एपीओ श्री बाथम में माना।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )